दैनिक हिन्दी अख़बार

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

# सच बेधड़क

वर्ष: 3 | अंक: 41 जयपुर, शुक्रवार, 19 जनवरी, 2024 | पौष, शुक्ल पक्ष- नवमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00




वनकर्मियों को करनी पड़ी करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत... टीम ने किया ट्रेंकुलाइज

## होटल में घुसा लेपर्ड... पर्यटकों में मची अफरा-तफरी

बेधड़क | जयपुर

राजधानी जयपुर में कानोता स्थित एक होटल में गुरुवार को एक लेपर्ड घुस गया। इस घटना से होटल में ठहरे हुए टूरिस्टों में अफरा तफरी का माहौल हो गया। होटल में ठहरें सभी लोग भाग छूटे। इस पर होटल प्रबंधन ने इसकी जानकारी तत्काल वन विभाग को दी। इसके बाद वन विभाग की टीम होटल पहुंची। जहां की डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद लेपर्ड को ट्रेंकुलाइज कर सुरक्षित पकड़ लिया गया और उसे नाहरगढ़ रेसक्यू सेंटर में भेज दिया गया।

### होटल स्टॉफ के कमरे में घुसा

होटल में मौजूद कुत्ते अचानक तेजी से भौंकने लगे। इस पर होटल प्रशासन ने उन्हें चुप कराने का प्रयास किया, लेकिन कुत्ते लगातार भौंकते रहे। इस दौरान एक पर्यटक ने होटल में प्रबंधन को जानकारी दी। उसने एक लेपर्ड को देखा है। यह लेपर्ड होटल स्टाफ के कमरे में घुस गया। लेपर्ड की सूचना पर होटल में ठहरे हुए पर्यटक बाहर भाग गए। इस दौरान कर्मचारियों ने जिस कमरे में लेपर्ड था। उस कमरे को बाहर से बंद कर दिया।

### बेहोश करने के बाद ली राहत की सांस

होटल में लेपर्ड की सूचना पर पर्यटकों में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। पर्यटक होटल छोड़कर भाग छूटे। वही होटल प्रबंधन के कर्मचारियों में भी भय व्याप्त हो गया। इस सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जहां स्टाफ रूम के एक कमरे में देखा तो लेपर्ड दुबका हुआ बैठा था। इस दौरान वन विभाग के कर्मचारियों ने होटल की कमरे की खिड़की से लेपर्ड को ट्रेंकुलाइज करने का प्रयास किया। इस पर एक बार तो लेपर्ड गुर्राता हुआ खिड़की की तरफ झपटा। लेपर्ड ने कमरे के सभी सामानों को अस्त-व्यस्त कर दिए। इस दौरान ट्रेंकुलाइज करने के बाद लेपर्ड पर काबू पाया। तब जाकर होटल प्रबंधन ने राहत की सांस ली।




### जरूरी खबर

#### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर आधे दिन की छुट्टी



**नई दिल्ली।** अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन पूरे देश में आधे दिन की छुट्टी रहेगी। सुबह से लेकर दोपहर ढाई बजे तक देशभर में सरकारी कार्यालयों और केंद्र सरकार के स्कूलों-संस्थानों में आधे दिन की छुट्टी रहेगी। केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए पत्र में कहा गया है कि कर्मचारियों की भारी भावना और उनके अनुरोध को देखते हुए केंद्र सरकार ने आधे दिन की छुट्टी का ऐलान किया है। अब वित्त मंत्रालय ने भी सभी सरकारी बैंकों में 22 जनवरी को दोपहर 2:30 बजे तक की छुट्टी का ऐलान कर दिया है।

#### जयपुर जिले में भूकंप के झटके घरों से निकले लोग

**जयपुर।** जयपुर जिले के फुलेरा और सांभर में सुबह 7:29 पर 5 से 7 सेकंड तक भूकंप के झटके महसूस किए गए। करीब 5 सेकंड तक धरती डोलने और कंपन महसूस होने के बाद लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप के कारण जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा का कहना है कि जयपुर जिले के इलाकों में गुरुवार को भूकंप का हल्का झटका महसूस किया गया है। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 2.9 आंकी गई है। भूकंप का केंद्र सांभरलेक के आसपास सतह से करीब 11 किलोमीटर नीचे था।

भजन सरकार की पहली मंत्रिपरिषद की बैठक में कई अहम फैसले

## मीसा बंदियों को पेंशन, RAS मेंस परीक्षा की बढ़ाई तिथि

गहलोत सरकार के अंतिम 6 महीनों में लिए गए निर्णयों की होगी समीक्षा

- संकल्प पत्र को दिया नीतिगत दस्तावेज का दर्जा
- मीसा बंदियों को 20K पेंशन और 4K चिकित्सा सहायता
- 100 दिवसीय कार्ययोजना पर की विस्तृत चर्चा

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राज्य सरकार की पहली मंत्रिपरिषद की बैठक में आरएएस मेन्स परीक्षा को स्थगित करना और मीसा बंदियों को पेंशन देने सहित कई अहम फैसले लिए गए। इस बैठक में गहलोत सरकार द्वारा गत 6 माह में लिए गए प्रशासनिक निर्णयों एवं आचार संहिता के दौरान किए गए फैसलों की समीक्षा करने के लिए मंत्रियों की समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया। समिति निर्णयों की समीक्षा कर 3 महीने में अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को प्रस्तुत करेगी। मंत्रिपरिषद की बैठक में विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा के संकल्प पत्र को राज्य सरकार के नीतिगत दस्तावेज के रूप में स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही, संकल्प पत्र के क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेषाधिकारी की नियुक्ति का निर्णय लिया गया।

बैठक में राजस्थान लोकतंत्र सेनानी सम्मान निधि-2008 को बहाल करने का निर्णय लिया गया। गहलोत सरकार द्वारा इसे बंद कर दिया गया था। इस निर्णय के तहत लोकतंत्र सेनानियों को 20 हजार रुपए मासिक पेंशन तथा 4 हजार रुपए की मासिक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में राज्य सरकार के प्रथम 30 दिवस की प्रमुख उपलब्धियों के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया (सलंग्न)। साथ ही, बैठक में आरएएस भर्ती परीक्षा की तिथि, गेहूं की फसल पर एमएसपी आदि जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और किरोड़ी लाल मीणा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी साझा की।



### अन्नपूर्णा थाली में अब भोजन 600 ग्राम

बैठक में बताया गया कि 6 जनवरी 2024 से अन्नपूर्णा रसोई योजना में परिवर्तन कराया गया है। पहले इस योजना के तहत 450 ग्राम भोजन उपलब्ध कराया जाता था, जिसे बढ़ाकर अब 600 ग्राम कर दिया गया है। इसके अंदर दाल, चपाती, सब्जी, मिलेट्स और आचार है। पहले जो थाली टोटल 25 रुपए की होती थी, (जिसमें 17 रुपए सरकार की तरफ से दिए जाते थे) उसे बढ़ाकर अब 30 रुपए की कर दी गई है, लेकिन अब 17 के बजाय 22 रुपए सरकार की तरफ से दिए जाएंगे।

### पेपर लीक को लेकर एक्शन मोड में आई प्रदेश की भजन सरकार

पेपर लीक की रोकथाम के लिए जिस स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन किया गया था, उसने काम करना शुरू कर दिया है। उसी तरह राज्य में संगठित अपराधों को नियंत्रण करने के लिए जो एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स का गठन किया गया था, उसने भी काम करना शुरू कर दिया है। चूरू में हथियारबंद लोगों को पकड़ा गया। उसी तरह अब ये नियम बना दिया गया है कि जो कोई भी इस तरह की संगठित अपराधों में शामिल होगा, उनकी प्रॉपर्टीज कहां-कहां इसका ब्योरा भी साथ में होगा, ताकि अवैध प्रॉपर्टी को तुरंत जब्त कर लिया जाए या उसको ढाह दिया जाए।

### CBI को अब अनुमति की दरकार नहीं

कैबिनेट मंत्री राठौड़ ने बताया कि अब सीबीआई को राजस्थान में अनुसंधान करने के लिए राज्य सरकार की किसी अनुमति की जरूरत नहीं पड़ेगी. इतना ही नहीं, प्रदेश में अवैध खनन को रोकने के लिए खान विभाग, राजस्व, वन, पुलिस और परिवहन विभाग समल्लित होकर जिला कलेक्टर की निगरानी में एक विशेष अभियान चला रहे हैं।

### ERCP: सरकार उठा रही जरूरी कदम

राठौड़ ने बताया कि ERCP को लेकर भी राज्य सरकार जरूरी कदम उठा रही है। जल्द ही इस पर प्रदेश की जनता को सूचित किया जाएगा। बता दें, ईआरसीपी का मामला 13 जिलों की लिए बहुत महत्वपूर्ण है। गहलोत सरकार ने भी इसे राष्ट्रीय दर्जा देने को लेकर कई बार केंद्र सरकार को घेरने का प्रयास किया था।

गुजरात के वडोदरा में बड़ा हादसा

## हरणी लेक में नाव पलटी 14 बच्चों समेत 16 की मौत



एजेंसी | वडोदरा

गुजरात के वडोदरा में गुरुवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। हरणी लेक में एक नाव पलट गई। इस हादसे में नाव पर सवार 14 बच्चों और दो शिक्षकों की मौत हो गई। वहीं, नाव पर सवार 10 लोगों को बचा लिया गया है। इनमें 13 बच्चे और 2 शिक्षक शामिल हैं। दुर्घटना उस समय घटी जब वडोदरा के न्यू सनराइज स्कूल के बच्चे झील घूमने गए थे और बोटिंग कर रहे थे।

बताया जा रहा है कि नाव पर सवार बच्चे सेल्फी लेने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान बच्चे नाव के बिल्कुल किनारे पर पहुंच गए। ऐसा होते हुए नाव का संतुलन बिगड़ गया और यह पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जब हादसा हुआ तो किसी बच्चे ने भी लाइफ जैकेट नहीं पहना था। इसी वजह से नाव पलटने पर इतनी बड़ी संख्या में बच्चों की मौत हुई। सीएम भूपेंद्र पटेल ने मृतकों के परिजनों के लिए चार लाख और घायलों के लिए 50 हजार रुपए मुआवजे का ऐलान किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर शोक जताया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि वडोदरा की हरणी झील में बोट डूबने की घटना से निराश हूं। मैं दुख की इस घड़ी में शोक में डूबे परिवारों के साथ हूं। उम्मीद करता हूं कि इस हादसे में घायल लोग जल्द रिकवर होंगे।

तैयारियां पूर्ण: राज्यपाल कलराज मिश्र का होगा अभिभाषण

## विधानसभा का बजट सत्र आज से

**जयपुर।** 16वीं विधानसभा का पहला बजट सत्र शुक्रवार से शुरू होगा। पहले दिन राज्यपाल कलराज मिश्र का अभिभाषण होगा। राज्यपाल के अभिभाषण पर चार दिन बहस होगी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार की ओर से जवाब देंगे। इससे पहले प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली अपनी बात विधानसभा में रखेंगे। राज्यपाल अभिभाषण के बाद विधानसभा कार्य सलाहकार समिति बैठक होगी।

**देवनानी ने बुलाई सर्वदलीय बैठक:** विधानसभा की कार्रवाई सुचारू रूप से चले विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई। इस बैठक में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, राष्ट्रीय लोक दल के डॉ. सुभाष गर्ग, बीएसपी के मनोज न्यागली, सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर



गर्ग, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विपक्ष को आश्वासन दिया कि सरकार विपक्ष की उठाए हुए मुद्दों को गंभीरता से देगी और समय रहते हुए इस पर कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने विपक्ष से सदन को सही तरीके से चलने के लिए सहयोग मांगा।

जमीन के बदले जमीन मामले की जांच

## जेडीए के अफसरों और प्रॉपर्टी कारोबारियों ने जमकर की मोटी कमाई!

- किसानों के आरक्षण पत्रों से 10-10 हजार रुपए प्रति मीटर का मुनाफा कमाया!
- अवाप्त जमीनों के मुआवजों के आरक्षण पत्रों के आधार पर आवंटन में धांधली
- शिकायतों के आधार पर ही यूडीएच मंत्री ने दिए जांच के आदेश

ओमप्रकाश शर्मा | बेधड़क

**जयपुर।** रिंग रोड और सेक्टर रोड की अवाप्तशुदा जमीनों ने प्रॉपर्टी कारोबारियों के साथ में जेडीए के अफसरों की भी चांदी कर दी है। बताते हैं अफसरों ने मनचाहे पट्टे जारी करने के लिए 10 हजार रुपए प्रति वर्ग मीटर सेवा शुल्क लिया है। यह राशि जोन और जेडीए मुख्यालय के अफसरों में अलग-अलग तय कर रखी थी। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा व अन्य मंत्रियों को ऐसी शिकायतें मिली तो खर्रा ने जमीन के बदले जमीन देने के इन मामलों की जांच शुरू करवा दी है।

सूत्रों का दावा है कि जेडीए मुख्यालय में जमीन के बदले जमीन देने के लिए करीब 7,500 रुपए और जोन में 2,500 रुपए तक राशि सेवा शुल्क के रूप में ली गई है। यानी रिंग रोड व सेक्टर रोड में अवाप्तशुदा जमीन के पट्टे लेने के लिए प्रॉपर्टी कारोबारी व लाइजनर 10 हजार रुपए तक प्रति मीटर का खर्चा करते थे और ऐसी जगह पर प्लॉट का आवंटन कराते थे, जहां पर दो से तीन गुना ज्यादा मुनाफा कमा सके। इसका किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है।



### टोंक रोड और अजमेर रोड के निकट आवंटन

रिंग रोड व सेक्टर रोड में अवाप्त जमीन के आरक्षण पत्र प्रॉपर्टी कारोबारियों ने 22 हजार से 24 हजार रुपए प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से खरीदे हैं। आरक्षण पत्र खरीदकर संबंधित जोन में पट्टे के लिए फाइल लगाते हैं। इसके बाद फाइल भूमि ग्रहण अधिकारी, जोन कार्यालय, सचिव व जेडीसी के पास पहुंचती है। बताया जा रहा है कि 'सेवा शुल्क' मिलने के बाद ही फाइल ऑफिस से चलती थी। प्रॉपर्टी कारोबारी को 10 हजार रुपए प्रति मीटर की कथित घूस देकर प्लॉट का आवंटन रिंग रोड पर जहां करवा रहे हैं, वहां भाव 40 से 50 हजार रुपए के प्रति मीटर के हैं।

### प्रॉपर्टी कारोबारी खरीद रहे आरक्षण पत्र

पड़ताल में सामने कि सैकड़ों किसानों का आरक्षण पत्र तो मिल गए, लेकिन उनको जेडीए में फाइल लगाने के बाद भी पट्टे नहीं दे रहे हैं। इसकी वजह है कि किसान जेडीए के अफसरों द्वारा मांगी जा रही घूस की राशि देने में असमर्थ है। ऐसे में उन किसानों से प्रोपर्टी व्यवसाय आरक्षण पत्र ले लेते हैं। किसान भी मजबूरी में मुआवजे के आरक्षण पत्र बेच देते हैं।

### इन पट्टों में मोटे लेन देन का अंदेशा

अभयपुरा, मुहाना, नेवटा के आस-पास, महापुरा, खेतापुरा, बुहारिया, जयराजपुरा, प्रहलादपुरा, खेतापुरा, दादिया-गंवार के किसानों को मिले आरक्षण पत्रों पर प्रॉपर्टी कारोबारियों ने इस साल पट्टे आवंटित कराए हैं। अफसरों ने प्रहलादपुरा, महापुरा, चिमनपुरा व अन्य कई इलाकों में पट्टे आवंटन किए हैं, जहां पर जमीनों के भाव आसमान छू रहे हैं।

## जरूरी खबर

### राजभवन में महकी पौषबड़ों की खुशबू, भजन भी गूंजे



**बेधड़क.जयपुर।** राज भवन में गुरुवार को पौष बड़ा महोत्सव आयोजित किया गया। इस मौके पर राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों को बेहतर कार्य संस्कृति के लिए मिलजुल कर कार्य करने का आह्वान किया। इससे पहले राज्यपाल मिश्र ने राजभवन स्थित राज राजेश्वर मंदिर में भगवान शिव और खाटूश्याम बाबा की पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश में सुख-सम्पन्नता की कामना की। इस अवसर पर राजभवन में खाटूश्याम के भजनो की प्रस्तुति हुईं। कार्यक्रम में राजभवन के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया।

### प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने पर दिया जोर

**बेधड़क.जयपुर।** देवस्थान, पशुपालन, मत्स्य और गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में गुरुवार को देवस्थान विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुमावत ने विभाग की विभिन्न योजनाओं और आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान कुमावत ने आगामी 100 दिन की कार्ययोजना के तहत राज्य मे धार्मिक पर्यटन को विकसित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विशेष सजावट करने वाले मंदिरों को सम्मानित करने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर राज्य के सभी छोटे, बड़े मंदिरों की अच्छी सजावट की जाए।

### तेज ठंड के बीच नर्सिंगकर्मियों का धरना जारी



**बेधड़क. जयपुर।** झालाना स्थित शिफू के कार्यालय के सामने नर्सिंगकर्मियों का धरना गुरुवार को भी जारी रहा। तेज सर्दी के बावजूद यहां धरनार्थी अपनी मांगों को लेकर डटे हुए हैं। उनका कहना है कि मांगे नहीं माने जाने तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। दिन में बड़ी संख्या में कर्मचारी धरने में पहुंचे और अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। धरनार्थी नर्सिंग ऑफिसर सहित सात भर्तियों की अंतिम सूची जारी कर नियुक्ति देने की मांग कर रहे हैं। रात को भी कर्मचारी धरने पर बैठे रहे।

**चमका रहे देवालय:** निगम के साथ व्यापारिक संगठन, समाजसेवी जुड़कर करवा रहे सफाई

# अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा, शहर में दीपोत्सव की तैयारी जोरों पर

**बेधड़क** | जयपुर

अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर जयपुर में भी तैयारियों का दौर जोरों पर चल रहा है। 22 जनवरी को जयपुर शहर में व अलबर्ट हॉल पर मनाए जाने वाले महा दीपोत्सव के मद्देनजर नगर निगम ने अपनी तैयारियों को ओर तेज कर दिया है।

वहीं नगर निगम को व्यापारिक संगठनों व सामाजिक संस्थाओं का भी साथ मिल रहा है। लोग स्वैच्छा से श्रमदान करते हुए शहर के देवालयों को चमकाने में जुटे हुए हैं। शहर के धार्मिक स्थलों को विशेष रूप से साफ-सफाई कर सवारने का काम चल रहा है। नगर निगम की ओर से शहर के सभी प्रमुख मंदिरों, गुरुद्वारों पर सजावट, रोशनी और साफ-सफाई करवाई जा रही है। इसके तहत महापौर मुनेश गुर्जर, जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, हवामहल विधायक बालमुकंदाचार्य सहित पार्षद, आयुक्त अभिषेक सुराणा, जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल की अगुवाई में अनेक व्यापार मंडल, समाजसेवी व स्थानीय जन प्रतिनिधि प्रतिदिन 2 घंटे के लिए मंदिरों के अंदर व बाहर श्रमदान कर सफाई कर रहे हैं। इसी क्रम में नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा भी नहर के गणेश मंदिर व आस-पास स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ श्रमदान कर चुके हैं। हेरिटेज आयुक्त अभिषेक सुराणा भी प्रतिदिन सिविल कार्यों व सफाई कार्यों का प्रतिदिन दौरा कर व्यवस्थाएं सुधरवां रहे हैं। वहीं कॉलोनियों के मंदिरों में भी लोग साफ-सफाई करते हुए दीपोत्सव की तैयारी में जुटे हैं।



### खोले के हनुमान मंदिर में किया श्रमदान

महापौर मुनेश गुर्जर ने गुरुवार को सुबह खोले के हनुमान मंदिर में पार्षद सुरेश नावरिया, इन्द्राज नैनीवाल, महेन्द्र पहाड़िया, उपायुक्त स्वास्थ्य नूर मोहम्मद, उप निदेशक, जन सम्पर्क मोती लाल वर्मा व मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सोनिया सहित निगम कर्मचारियों के साथ 2 घंटे श्रमदान किया। इस दौरान उन्होंने शहरवासियों को महा दीपोत्सव से पहले प्रतिदिन 2 घंटे अपने धरों व आस-पास के स्थानों व धार्मिक स्थलों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। मंदिर के पुजारी को महा दीपोत्सव के लिए दीपक किट भेंट की। मंदिर में विभिन्न स्थानों पर सफाई की।

### स्वच्छ भारत मिशन एवं स्वच्छता सर्वेक्षण की समीक्षा बैठक

स्वायत्त शासन विभाग के देशक एवं संयुक्त सचिव सुरेश ओला ने गुरुवार को स्वच्छ भारत मिशन (शहरी 2.0) की प्रगति एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों के संबंध में जयपुर संभाग की बैठक ली। इसमें उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय सफाई व्यवस्था के स्तर में व्यापक सुधार करें। आयुक्त, अधिशाषी अधिकारी सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग करें तथा प्रतिदिन कम से कम 3 घंटे फील्ड में रहकर कार्यो का निरीक्षण करें। सफाई व्यवस्था के कार्यो में कोई कोताही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में ओला ने नगरीय निकायों को सफाई व्यवस्था मे सुधार के लिए रात्रीकालीन सफाई व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। उन्होनें कहा कि सभी नगरीय निकायों को सफाई व्यवस्था का प्लान बनाना होगा। निकाय क्षेत्रों में अत्यधिक कचरा उत्पन्न करने वाले जैसे सब्जी मण्डीयॉ, होटल, होस्टल, शापिंग कॉम्पलेक्स, इण्डस्ट्रीज आदि का कचरा उठाने के लिए अलग से प्लान तैयार कर क्रियान्वित करना होगा।

**'साइबर सुरक्षा हैकथॉन' का समापन,** कई सत्रों में हुई चर्चा

# साइबर क्राइम रोकने में AI का करें सकारात्मक उपयोग: मिश्र

- विधायक राज्यवर्धन राठौड़ ने जताई युवाओं को अवसर देने की आवश्यकता
- अंतिम दिन राज्यपाल कलराज मिश्र ने विजेताओं को सौंपे पुरस्कार

**बेधड़क** | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि कम्प्यूटर जनित अपराध रोकने के लिए पुलिस कोई ऐसा वैज्ञानिक तंत्र विकसित करे जिससे साइबर अपराधों की प्रभावी रोकथाम हो सके। उन्होंने साइबर अपराध रोके जाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सकारात्मक उपयोग अपराध रोके जाने के लिए किए जाने पर जोर दिया।

मिश्र गुरुवार को राजस्थान इन्टरनेशनल सेंटर में आयोजित पहले 'साइबर सुरक्षा हैकथॉन' के समापन सत्र में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज विश्वभर में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। वित्तीय और व्यक्ति की निजी गरिमा के हनन से जुड़े डीप फेक अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए भी व्यवस्थित रूप में निरंतर कार्य हो। उन्होंने साईबर अपराध होने पर तुरंत हरकत में आते हुए इसके लिए प्रभावी पुलिस तंत्र विकसित किए जाने का भी आह्वान किया। राज्यपाल ने ओटीपी लेकर बैंक से पैसे हड़पने, खाते से राशि निकालने और निजता हनन से जुड़े अपराधों पर चर्चा करते हुए हुए इस संबंध में शोध और कंप्यूटर आंकड़ों के विश्लेषण की शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता जताई।




### साइबर अटैक अच्छे-बुरे के बीच युद्ध

इस अवसर पर राज्य के सूचना और संचार प्रौद्योगिकी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि साइबर अटैक अच्छे और बुरे के बीच युद्ध है। उन्होंने कहा कि एआई के लिए युवाओं की प्रतिभा को अवसर प्रदान करने और पुलिस को मजबूत करने के लिए और अधिक प्रयास किए जाएं। उन्होंने राजस्थान पुलिस द्वारा साइबर अपराध जांच और भविष्य की कार्य योजना वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप करने की आवश्यकता जताई।

### साइबर क्राइम रोकने के लिए 36 घंटे किया काम

पुलिस महानिदेशक यूआर साहू ने आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के विकास के साथ विभिन्न साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस हैकाथॉन में 36 घंटे बैठकर साइबर क्राइम रोके जाने पर दल गठित कर कार्य किया गया। इस अवसर पर साइबर अपराध शोध, विश्लेषण और अन्य कार्य दलों के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। प्रारंभ में राज्यपाल ने संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया और मूल कर्तव्य पढ़कर सुनाए। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय संजय अग्रवाल ने आभार जताया।

**अवैध खनन रोकथाम** की कवायद

# 110 जगहों पर कार्रवाई 45 एक्सक्वेटर व JCB मशीनों को किया जब्त



**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशों के बाद प्रदेश में अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ 15 जनवरी से चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान के दौरान प्रदेश में पहली बार 110 अवैध खनन स्थलों पर कार्रवाई की गई है।

खान सचिव आनन्दी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा अवैध खनन गतिविधियों को समूल नष्ट करने के निर्देश और सख्त मॉनीटरिंग का ही प्रभाव है कि खनिजों के अवैध परिवहन करते वाहनों को जब्त करने के साथ ही अवैध माइनिंग स्थलों पर कार्रवाई कर बड़ा संदेश दिया गया है कि राज्य सरकार अवैध माइनिंग गतिविधियां सहन नहीं करेंगी। अवैध माइनिंग के खिलाफ भीलवाड़ा में सर्वाधिक 15 स्थलों पर कार्रवाई हुई हैं वहीं जयपुर ग्रामीण भी 11 स्थानों पर कार्रवाई कर दूसरे नंबर पर रहा है। मुख्य सचिव सुधांश पंत अभियान की मॉनीटरिंग कर कार्रवाईयों की नियमित समीक्षा कर रहे हैं। खान सचिव आनन्दी ने बताया कि अभियान के प्रति सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि संयुक्त अभियान के दौरान तीन दिनों में 110 स्थानों पर हो रहे अवैध खनन कार्यों पर कार्रवाई की गई हैं वहीं प्रदेश में 45 एक्सक्वेटर व जेसीबी मशीनों को जब्त किया जा चुका है। अधिकारियों को संयुक्त अभियान के दौरान अवैध खनन कार्यों में लगी बड़ी मशीनें और क्रेन आदि की भी जब्ती के निर्देश दिए गए हैं, ताकि खनन माफिया दोबारा अवैध खनन नहीं कर सकें। प्रदेश में अवैध खनन पर कोटा में 8, डीडवाना-कुचामन, बूंदी, बीकानेर, अलवर, झालावाड़ में पांच-पांच, अजमेर, दौसा, जोधपुर ग्रामीण, सलूंबर, में 4-4 व अन्य शेष कार्रवाई अन्य स्थानों पर की गई है। इसी तरह से भीलवाड़ा में 3 जेसीबी व 1 एक्सक्वेटर, पाली में 4 जेसीबी व 1 एक्सक्वेटर, जैसलमेर में 3 एक्सक्वेटर व 24 एक्सक्वेटर जब्त की गई है।

**जागरूकता कार्यक्रम एवं** पंजीकरण शिविर आयोजित

## हस्तशिल्पियों को दी योजना की जानकारी

**बेधड़क** | जयपुर

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र जयपुर एवं भारत सरकार सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की ओर से गुरुवार को पीएम विश्वकर्मा योजना पर जागरुकता कार्यक्रम एवं पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया।

एमएसएमई विकास कार्यालय जयपुर में अयोजित कार्यक्रम में इस योजना के तहत 18 व्यवसायों से सम्बंधित कारीगरों को प्रोत्साहन के लिए प्रशिक्षण, टूल किट एवं ऋण आदि की सुविधा दी जाएगी। कार्यक्रम में पीएम विश्वकर्मा योजना की जानकारी विस्तार से दी गई एवं साथ ही हस्तशिल्पियों का ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन भी किया गया। प्रोग्राम में जेम पोर्टल की जानकारी के साथ साथ राज्य व केन्द्र सरकार की विभिन स्कीम की भी जानकारी दी गई।



कार्यक्रम के विशेष अतिथि श्री अरुण खटोड ने बताया की प्रधानमंत्री कि विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य असंगठित कारीगरों को मुख्यधारा में जोड़ना है जिससे भारत की अर्थव्यवस्था को और भी मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने इस योजना को जन जन तक पहुचाने का सभी प्रतिभागियों से आह्वान किया।

भारत सरकार सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय निदेशक वी. के. शर्मा ने सभी विश्वकर्माओं का कारीगर से निर्यातक बनने के लिए प्रेरित किया।

**जोधपुर एम्स में ही शुरू हुआ** आसाराम का इलाज

## अदालत से जमानत की उम्मीद हुई धुमिल

**बेधड़क** | जयपुर

पिछले सात दिनों से जोधपुर एम्स में भर्ती आसाराम को अब उपचार के लिए कोर्ट से पेरोल या जमानत मिलना संभव नहीं है, क्योंकि उसका जोधपुर में ही इलाज शुरू हो गया है।

दरअसल, सीने में दर्द की शिकायत होने पर आसाराम को बीते 9 जनवरी को एम्स में भर्ती कराया गया था, जबकि पूर्व में आसाराम ने सिर्फ आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार के लिए हामी भरी थी। हालांकि, एम्स में हुई एंजियोग्राफी में आसराम के हार्ट की दो धमनियों में 90 से 95 फीसदी ब्लॉकेज होने की बात सामने आई। वहीं, इसको लेकर आसाराम के आश्रम की ओर से नियमित रूप से सोशल मीडिया पर हेल्थ बुलेटिन जारी किया जा रहा है। इसमें बताया गया कि आसाराम के शरीर में खून की कमी है। इसी बीच शरीर में खून की कमी के उपचार के लिए उसकी कोलोनोस्कोपी की गई। साथ ही टुडी ईको भी किया गया। हालांकि, दोनों ही रिपोर्ट नार्मल आई है।



वहीं, आसाराम को ब्लड भी चढ़ाया गया। साथ ही डॉक्टरों ने कैप्सूल एंडोस्कोपी भी की। इससे अब साफ हो गया है कि आखिरकार खून की कमी क्यों हो रही है, लेकिन अभी रिपोर्ट आनी बाकी है। एम्स सूत्रों की ओर से बताया कि अभी एक सप्ताह तक आसाराम को इलाज के लिए यहां रखा जा सकता है। अभी उनकी एंजियोप्लास्टी होनी बाकी है।

**जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में दिए कनेक्शनों में गति लाने के निर्देश**

# ठेकेदार ही नहीं अधिकारियों की भी तय होगी जिम्मेदारी: जलदाय मंत्री

**बेधड़क** | जयपुर

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि जल जीवन मिशन में प्रोग्रेस महत्वपूर्ण है। जल कनेक्शन (एफएचटीसी) अधिक से अधिक होंगे तभी जेजेएम में प्रगति दिखाई देगी।

जलदाय मंत्री ने कहा कि वर्तमान में चल रही वृहद् परियोजनाओं की डे-टू-डे आधार पर मॉनिटरिंग होगी एवं धीमी गति से चल रही परियोजनाओं के मामले में कोई बहानेबाजी स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने ठेकेदार फर्मों के खिलाफ एक्शन लेने के साथ ही संबंधित अभियंताओं की जिम्मेदारी तय करने के भी निर्देश दिए। जलदाय मंत्री गुरूवार को जल भवन में आयोजित जेजेएम की वृहद् परियोजनाओं की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं के कार्यादेश हो चुके हैं उनमें एफएचटीसी बढ़ाने पर फोकस करें। जल कनेक्शनों में गति लाई जाए ताकि अन्य राज्यों के मुकाबले राजस्थान ऊपरी पायदान पर पहुंच सके। उन्होंने अधिकारियों को फास्ट डिसीजन मेकिंग की आदत अपनाने को कहा।



### प्रभारी अभियंता होंगे जिम्मेदार

चौधरी ने परियोजना की साइट पर हिण्ड्रेंस रजिस्टर मेंटेंन करने के निर्देश दिए और कहा कि प्रोजेक्ट में आ रही परेशानी के बारे में ठेकेदार फर्म द्वारा रजिस्टर में उल्लेख किया जाए एवं संबंधित अभियंता के हस्ताक्षर हों। उन्होंने जिलों के प्रभारी मुख्य अभियंताओं एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंताओं को हर माह दौरे करने एवं प्रगतिरत परियोजनाओं का साइट पर जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि जिस जिले में परियोजनाओं एवं एफएचटीसी की प्रगति कम होगी वहां के प्रभारी अभियंता की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि ठेकेदार गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर कार्य पूरा करने पर ध्यान दें।

### सिस्टम विकसित करने के निर्देश

बैठक में सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी डॉ. समित शर्मा ने वर्तमान में चल रहे प्रोजेक्ट्स की मॉनिटरिंग के लिए प्रगति पोर्टल की तर्ज पर पीएचईडी का ऑनलाइन सिस्टम विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रोजेक्ट्स की गति को लेकर ठेकेदार फर्मों की लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। समीक्षा बैठक में एमडी जल जीवन मिशन बचनेश अग्रवाल, मुख्य अभियंता आर के मीणा, मुख्य अभियंता (प्रशासन) राकेश लुहाड़िया, मुख्य अभियंता (विशेष परियोजना) दिनेश गोयल, मुख्य अभियंता (तकनीकी) दलीप गौड़, मुख्य अभियंता (जोधपुर) नीरज माथुर, मुख्य अभियंता (शहरी) केडी गुप्ता सहित मुख्यालय, पीएचईडी रीजन एवं प्रोजेक्ट्स से जुड़े अतिरिक्त मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं अधिशाषी अभियंता उपस्थित रहे।

### जरूरी खबर

## बोहरा ने दिखाई वन्देभारत एक्सप्रेस को हरी झंडी



**जयपुर।** वन्देभारत एक्सप्रेस का ठहराव गांधीनगर रेलवे स्टेशन पर गुरुवार से हो गया। सांसद रामचरण बोहरा ने गांधीनगर रेलवे स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सांसद बोहरा ने कहा कि आमजन की लंबे समय से मांग थी कि वन्देभारत एक्सप्रेस का ठहराव गांधीनगर स्टेशन पर किया जाए। इसके लिए हमने रेल मंत्री से मिलकर उनसे वंदे भारत का ठहराव गांधीनगर करने का आग्रह किया था। इसको स्वीकार करते हुए उन्होंने ट्रेन का ठहराव गांधीनगर स्टेशन पर करने की स्वीकृति दी थी। बोहरा ने कहा कि गांधीनगर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 212 करोड़ की लागत से विकसित किया जा रहा है। वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव गांधीनगर रेलवे स्टेशन पर होने से आमजन को सहूलियत मिलेगी, लोगों को जयपुर जंक्शन नहीं जाना पड़ेगा।

## प्रदेश की जेलों में चलेगा सर्च अभियान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को जेल से मिली धमकी के बाद अब राजस्थान की जेलों में सर्च अभियान शुरू होगा। जेल में उपलब्ध मोबाइल की घटना को गंभीर मानते हुए गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि यह गंभीर मामला है।

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने साफ कर दिया कि इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। बेढ़म ने कहा कि इस मामले में तुरंत एक्शन लिया गया है। दो कर्मचारियों को सस्पेंड भी किया गया है। उनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया गया है। जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। बता दें कि बुधवार को पॉक्सो एक्ट में सजा काट रहे एक अपराधी ने कंट्रोल रूम में फोन करके मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी दी थी।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


### पीएम मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से किया वर्चुअली संवाद, सीपी जोशी भी जुड़े

# भय मुक्त शासन पर काम शुरू होने से भ्रष्टाचारियों की नींद उड़ी

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि राजस्थान में भाजपा की मजबूत सरकार बनने के साथ ही जनता को भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त और भय मुक्त शासन देने की दिशा में काम शुरू हो चुका है।

राजस्थान सरकार द्वारा एसआईटी व एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स के गठन और अपराध व अपराधियों पर सीधे कार्रवाही के लिए राज्य सरकार की स्वीकृति की बाध्यता को समाप्त करने जैसे महत्वपूर्ण निर्णयों से भ्रष्टाचार और अपराध करने वालों की नींद उड़ गई है। वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात कर रहे थे।



इससे पूर्व सीपी जोशी ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच सहित अनेक भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण प्रदेश कार्यालय में देखा।

### मोदी की गारंटी गाड़ी से मिल रहा लाभ



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से मोदी गारंटी वाली गाड़ी पूरे देश की सभी ग्राम पंचायतों में पहुंच रही है। मोदी गारंटी वाली गाड़ी का स्वागत लाभार्थियों के साथ-साथ गांव के लोग भी कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें विश्वास है कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी की वजह से ही अनेक योजनाओं का लाभ गरीबों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जी समय समय पर वर्चुअली जुडकर लाभार्थियों से संवाद स्थापित करते हैं, जिससे लोगों में जोश और ऊर्जा का संचार होता है।

### महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज की सराहनीय पहल: एक लाख रामनामी दुपट्टे, 7 हजार कंबल और सेवा सामग्री से भरे 12 ट्रक भेजे अयोध्या

# राज्यपाल ने झंडी दिखाकर रवाना किए 3 लाख मोदक

**बेधड़क** | दौसा

अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का देशभर में उल्लास नजर आ रहा है। रामजी के लिए अपनी सेवा देने के लिए हर कोई आतुर है। देश के विभिन्न हिस्सों से अनेक प्रकार के उपहार, खाद्य सामग्री व अन्य चीजें भेजी जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को दौसा के मेहंदीपुर बालाजी से रामजी के प्रतिष्ठा महोत्सव में प्रसाद के लिए तीन लाख लड्डू, 1 लाख रामनामी दुपट्टे और 7 हजार कंबल संत सेवा के लिए भेजे गए।

राज्यपाल कलराज मिश्र ने भगवा झंडा दिखाकर सेवा सामग्री से भरे 12 ट्रकों को रवाना किया। राज्यपाल के बालाजी मंदिर पहुंचने पर मंदिर महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज ने उनका स्वागत किया। इसके बाद राज्यपाल मिश्र ने बालाजी महाराज के दर्शन कर विशेष पूजा अर्चना की। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल व महंत ने बालाजी मंदिर की वेबसाइट लॉन्च की। राम दरबार की पूजा अर्चना कर प्रसादी का भोग लगाया और अयोध्या के लिए लड्डुओं से भरे वाहनों को रवाना किया।

इस मौके पर राज्यपाल मिश्र ने कहा कि वर्षों के संघर्ष के बाद भव्य मंदिर में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। यह प्रत्येक भारतवासी के लिए गर्व का अवसर है। राम मंदिर आंदोलन में शामिल होने के सवाल पर राज्यपाल मिश्र ने कहा- मुझे तो इतने आनंद की अनुभूति हो रही है कि मेरे पास कहने को कोई शब्द नहीं है।

मेरा सौभाग्य रहा कि जन्मभूमि आंदोलन में शामिल होने का अवसर मिला। उस दौरान कार सेवा हुई, गोलियां चलीं, जेल गए, शिलापूजन कार्यक्रम हुए, रथ-यात्रा निकली उन सब मूवमेंट का मैं साक्षी रहा।

22 जनवरी को प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। यह भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का दिन है। इस दौरान राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, करौली-धौलपुर सांसद डॉ. मनोज राजोरिया, सिकराय विधायक विक्रम बंशीवाल, पूर्व मंत्री रामकिशोर मीणा, विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री उमाशंकर शर्मा, राजस्थान क्षेत्र मंत्री सुरेश उपाध्याय, जयपुर प्रांत अध्यक्ष प्यारेलाल मीणा, कलेक्टर देवेंद्र कुमार, एडीएम बीना महावर, एएसपी शंकर लाल मीणा समेत प्रबुद्ध लोग मौजूद रहे।



फोटो: पंकज शर्मा

### 25 भट्टियों पर 125 हलवाइयों ने बनाए मोदक

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में खास मेहमानों को न्योता भेजकर बुलाया गया है। इस कार्यक्रम में जो प्रसाद वितरण किया जाएगा, वह मेहंदीपुर बाजाली मंदिर की रसोई में तैयार किया गया है। बालाजी मंदिर की रसोई में बनाए गए प्रसाद का एक लड्डू 180 ग्राम का है। मेहंदीपुर बालाजी मंदिर महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज ने बताया कि सोमवार से बुधवार तक 25 भट्टियों पर 125 हलवाइयों की टीम ने यह प्रसाद तैयार किया। एक पैकेट में दो लड्डू रखे गए हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद खास मेहमानों को प्रसाद के तौर पर पैकेट दिया जाएगा। पैकेट पर बालाजी ट्रस्ट की छाप है। प्रसाद के सभी कर्टन 20 जनवरी को श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र न्यास को सौंपे जाएंगे।

### लड्डू प्रसाद बनाने में लगी इतनी सामग्री

मंदिर महंत ने बताया कि मेहंदीपुर बालाजी से तीन लाख लड्डू भेजे हैं, जिनका वजन करीब 51 हजार किलो है। डिब्बों को कर्टन में पैक कर ट्रकों से भेजा। लड्डू प्रसाद बनाने में 11 हजार किलो देशी घी, 14 हजार किलो बेसन और 26 हजार किलो चीनी का उपयोग किया गया। इसके साथ ही एक लाख रामनामी दुपट्टे व साधु-संतों के लिए 7 हजार कंबल भी भिजवाए हैं। बालाजी मंदिर ट्रस्ट की ओर से अयोध्या में 26 जनवरी से 26 फरवरी तक एक महीने तक भंडारा भी लगाया जाएगा। इस दौरान मंदिर दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारे में भोजन प्रसादी की निशुल्क व्यवस्था रहेगी।

### विनायक शर्मा का स्वागत



'सच बेधड़क' मीडिया ग्रुप के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा भी मेहंदीपुर बालाजी के लड्डू प्रसाद रवानगी कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शामिल हुए। मेहंदीपुर बालाजी मंदिर पहुंचे विनायक शर्मा का महंत नरेश पुरी महाराज ने स्वागत किया।

### राज्यपाल ने दी बधाई...



कलराज मिश्र
राज्यपाल, राजस्थान

संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि 'सच बेधड़क' मीडिया ग्रुप द्वारा आगामी 15 जनवरी को 'रामाभिषेकम् उत्सव' एवं 'विशाल आरती' का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

भगवान श्री राम जीवन का आलोक हैं। मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम ने भारतीय उदात्त जीवन मूल्यों को जिया ही नहीं बल्कि जन–मानस को आदर्श पथ पर चलने की प्रेरणा दी है। ऐसे भगवान श्रीराम के 'रामाभिषेकम् उत्सव' का आयोजन भारत की अध्यात्म परम्परा का एक तरह से गान है। मैं प्रभु श्रीराम को प्रणाम निवेदित करते हुए जन–मन के कल्याण की कामना करता हूं। 'सच बेधड़क' मीडिया समूह को साधुवाद कि ऐसे दिव्य–भव्य आयोजन का वह हेतु बना है।

मेरी शुभकामनाएं स्वीकारें।

(कलराज मिश्र)

*राज्यपाल कलराज मिश्र ने सच बेधड़क के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा को यह पत्र भेजकर अल्बर्ट हॉल पर आयोजित हुए रामाभिषेकम् एवं विशाल आरती कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।*

### भाजपा मीडिया पदाधिकारियों की बैठक

# चुनावों में मीडिया की होती है अहम भूमिका: पोरवाल



**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल ने कहा कि चुनावों में मीडिया की अहम भूमिका होती है। प्रत्येक पदाधिकारी को बताया गया कार्य समय सीमा के भीतर करना। पोरवाल भाजपा प्रदेश कार्यालय में लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर गुरुवार को हुई प्रदेश मीडिया पदाधिकारियों की बैठक में बोल रहे थे।

बैठक में लोकसभा चुनावों में मीडिया की भूमिका को लेकर कार्ययोजना और रूपरेखा तैयार की गई। बैठक के दौरान प्रत्येक मीडिया पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए और समय-समय पर अपने काम का मूल्यांकन कर उसमें अपेक्षित सुधार करने पर भी चर्चा हुई। भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ ने बैठक के दौरान पदाधिकारियों को डेटा प्रबंधन, समाचार संकलन और प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में मीडिया संयोजकों से समन्वयन करने के लिए कहा।

उन्होंने बताया कि भाजपा लोकसभा चुनावों में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रवार मीडिया संयोजक के साथ सह संयोजक भी नियुक्त करेगी। इसके साथ ही प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में मीडिया सेंटर बनाए जाएंगे। बैठक में मीडिया कार्यालय प्रभारी चंपालाल रामावत, सह संयोजक पंकज मीणा, डेटा समन्वयक अशोक सिंह शेखावत और डिबेट समन्वयक योगेश सिंह सिसौदिया ने भी सुझाव दिए। मीडिया प्रदेश सह संयोजक मेहराज सिंह चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### डिप्टी मेयर ने प्रक्रिया पर खड़े किए सवाल

# हंगामे के बीच नगर निगम ग्रेटर का 1189 करोड़ रुपए का बजट पास

**बेधड़क** | जयपुर

हंगामें और विरोध के बीच नगर निगम ग्रेटर का 1189.42 करोड़ रुपए का बजट गुरुवार को हुई साधारण सभा में पास कर दिया गया। इस दौरान डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावट ने जहां बजट पास करने की प्रक्रिया पर सवाल उठाए, वहीं पार्षदों ने विजिलेंस टीम पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। खास बात यह रही कि साधारण सभा में शहर का एक भी विधायक-सांसद मौजूद नहीं रहा। विधायक की जगह उनके प्रतिनिधि बैठे नजर आए।

बीजेपी से पार्षद और नगर निगम के डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावट ने 48 घंटे से भी कम समय का नोटिस देकर बैठक बुलाने को नियम के विरुद्ध बताया। उन्होंने कहा कि सदन में सभी सदस्यों चर्चा करवाए बिना बजट पास करवाना अलोकतांत्रिक है।

दरअसल, वित्त समिति की अध्यक्ष शील धाबाई ने बजट पेश किया और उसे ध्वनिमत से पारित करने लगे तो डिप्टी मेयर ने इसे सदन के सदस्यों के अधिकारों का हनन बताया। इस बात पर डिप्टी मेयर और मेयर के बीच हल्की नोकझोंक हो गई। डिप्टी मेयर ने कहा कि पिछले 2 बार के बजट सदन में रखे बिना ही सरकार को भिजवा दिए गए और आज जब बैठक बुलाई जा रही है तो सदस्यों से इस पर चर्चा क्यों नहीं करवाई जा रही?



### स्वच्छता में पिछड़ने को बताया शर्मनाक

उप महापौर पुनीत कर्णावट ने शहर के सफाई में पिछड़ने को शर्मनाक बताया। उन्होंने सदन में सफाई की रैंकिंग का मुद्दा उठाया और कहा कि इसकी हमें शर्म तक नहीं है कि हमारी रैंकिंग लगातार गिरती जा रही है। हम सफाई पर 300 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम खर्च करते हैं। इंदौर भी हमारे जैसा ही शहर है, लेकिन वह पिछले चार-पांच साल से पहले-दूसरे नंबर पर हैं और हम लगातार पिछड़ते जा रहे हैं।

### बैठक शुरू होते ही लगे जय श्रीराम के नारे

मेयर सौम्या गुर्जर के पहुंचने में देरी से आने के कारण 2 बजे प्रस्तावित बैठक 2 बजकर 30 मिनट पर शुरू हुई। बैठक शुरू होते ही पूरे सदन में जय श्रीराम के नारे लगे। इसके बाद दिवंगतों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई और सदन को 15 मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया। मेयर ने बैठक की शुरुआत रामायण के श्लोक से की। मेयर ने श्लोक पढ़ने के बाद जयपुर में भी रामराज्य की स्थापना करने की बात कही। उन्होंने 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जिक्र करते हुए उसके लिए निगम प्रशासन की ओर से किए जा रहे कामों और आयोजनों के बारे में बताया।

### विधायकों की जगह उनके प्रतिनिधि पहुंचे

बैठक में शहर का कोई भी विधायक या सासद नजर नहीं आया, हां! विधायक की जगह उनके प्रतिनिधि जरूर बैठे नजर आए। ये विधायक दीया कुमारी के प्रतिनिधि थे। सूत्रों के मुताबिक विधायक के ओएसडी हनुमान सिंह, निजी सहायक विकास चौधरी और स्टाफ के सदस्य रामचरण शर्मा (रिटायर्ड आरएएस) विधायक-सांसद कुर्सी पर बैठे नजर आए। चर्चा रही कि सदन में ऐसा पहली बार देखने को मिला है।

## जरूरी खबर

### प्लॉट की खुदाई के दौरान पास की बिल्डिंग गिरी



**अलवर।** शहर के 200 फीट रोड पर खाली प्लॉट में बेसमेंट बनाने के लिए खुदाई करते समय पास की बिल्डिंग धराशायी हो गई। यह घर पत्थर व्यापारी का था। ग्राउंड फ्लोर पर दुकान थी और फर्स्ट फ्लोर पर व्यापारी का परिवार रहता था। आरोप है कि बार-बार मना करने के बावजूद खुदाई जारी रखी गई। इससे घर में पहले तो दरार पड़ गए, फिर पूरी बिल्डिंग गिर गई। गनीमत रही कि पुलिस ने व्यापारी के पूरे परिवार को बुधवार रात में ही घर से बाहर निकाल लिया था।

### पति ने दिया तीन तलाक, पीड़िता ने दर्ज कराया मामला

**जोधपुर।** जिले में तीन तलाक का मामला सामने आया है। पति ने पहले अपनी पत्नी को मोबाइल पर तीन तलाक का मैसेज भेजा उसके बाद उसके सामने तीन तलाक बोलकर उसे छोड़ दिया। इसको लेकर पीड़िता ने कोर्ट मे माध्यम से प्रताप नगर थाने में आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। प्रताप नगर थाना प्रभारी भुटाराम ने बताया कि चौपासनी हाउसिंग बोर्ड निवासी अब्दुल जाहिद की पत्नी ने कोर्ट के जरिए थाने में अपने पति के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। इसमें पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी जाहिद से 2017 में हुई थी। उसके एक बेटा भी है। शादी के बाद से ही उसके पति व उसके बीच झगड़े हो रहे थे।

### ट्रांसफॉर्मर में लगी आग, चपेट में आने से युवक की मौत



**कोटा।** जिले के जवाहर नगर इलाके के तलवंडी में एक ट्रांसपोर्ट में गुरुवार दोपहर आग लग गई। आग की चपेट में आने से एक युवक की जिंदा जलने से मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पाया। पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है। दक्षिण निगम के चीफ फायर ऑफिसर ने बताया कि तलवंडी कॉमर्स कॉलेज रोड के पास जैन मंदिर की गली में ट्रांसफॉर्मर में आग लग गई। स्थानीय लोगों के अनुसार एक व्यक्ति ट्रांसफॉर्मर के नीचे लगी डीपी में कुछ कर रहा था। इसके बाद ऊपर स्टैंड पर चढ़ने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान अचानक आग लग गई और वह व्यक्ति भी जल गया।

**कुल की रस्म के तहत बुधवार रात से शुरू हुआ गुस्ल देने का सिलसिला गुरुवार को भी रहा जारी, उर्स संपन्न**

# केवड़े व गुलाब की खुशबू से महक उठी ख्वाजा की दरगाह

**बेधड़क** | अजमेर

ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 812वें उर्स का गुरुवार को छोटे कुल की रस्म के साथ अनौपचारिक रूप से सम्पन्न हो गया। इसी के साथ उर्स के मौके पर खुलने वाले जन्नती दरवाजे को भी बंद कर दिया गया।

कुल की रस्म निभाते हुए पूरा आस्ताना शरीफ केवड़ा और गुलाब जल से महक उठा। जायरीनों ने बुधवार रात से ही गुस्ल देना शुरू कर दिया, जो गुरुवार सुबह तक जारी रहा। इस दौरान गरीब नवाज के उर्स में शिरकत करने आए जायरीनों ने गुलाब जल और केवड़े से दरगाह की दीवारों को धोया और उस जल को बोतल में भरकर अपने साथ ले गए। दरगाह के खादिम कुतुबुद्दीन सखी ने बताया कि सुबह आठ बजे आस्ताना शरीफ आम जायरीनों के लिए बंद कर दिया गया और कुल की रस्म के दौरान आस्ताने में केवल खादिमों को ही अंदर रहने की इजाजत मिली।

शाही चौकी के कव्वालों के अलावा बाहरी कव्वालों ने भी कलाम पेश किए और दोपहर सवा बजे कुल की रस्म निभाई गई। कुल की रस्म के लिए ख्वाजा साहब के वशंज और दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन ने आस्ताना शरीफ में प्रवेश किया।



### महफिल में कलाम पेश

दरगाह में उर्स के 5 दिन रात को दरगाह दीवान की सदारत में महफिल खाने में महफिल हुई। शाही कव्वालों की ओर से कलाम पेश किए गए। महफिल के बाद आस्ताने में दरगाह दीवान की मौजूदगी में मजार को गुस्ल दिया गया। इसके बाद महफिल खाने के ऊपर ख्वानखाही में दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन ने देशभर से विभिन्न सूफी दरगाहों से आए प्रतिनिधियों की दस्तारबंदी की। इस दौरान शाही कव्वालों की भी दस्तारबंदी की गई। महफिल खाने में महफिल के बाद देशभर से आए मलंगों ने हैरतअंगेज कारनामे दिखाए।

### जन्नती दरवाजे को किया बंद

कुल की रस्म के साथ ही जन्नती दरवाजे को भी बंद कर दिया गया। इस दौरान बड़े पीर की पहाड़ी से तोप के गोले भी दागे गए। कुल की रस्म के साथ ही जायरीनों के लौटने का सिलसिला भी शुरू हो गया। हालांकि, शुक्रवार को जुम्मे की नमाज अदा की जाएगी और 21 जनवरी को बड़े कुल की रस्म के साथ ख्वाजा गरीब नवाज का सालाना उर्स संपन्न हो जाएगा।

### छठी की रस्म में उमड़े अकीदतमंद

गुरुवार को छठी की रस्म अदा करने के लिए दरगाह व उसके आस-पास के इलाकों में हजारों की संख्या में भीड़ देखी गई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में जायरीन दरगाह में जाने के लिए मशक्कत करते हुए दिखाए दिए। छठी व छोटे कुल की रस्म को देखते हुए अजमेर जिला प्रशासन व पुलिस की ओर से जायरीनों की सुरक्षा के माकूल इंतजाम किए गए थे।

**मेड़ता नगर पालिका की बैठक में बरपा हंगामा, दो बार स्थगित**

# अध्यक्ष पर महिला पार्षद ने फेंकी चप्पल तो दूसरे ने की हाथापाई

**बेधड़क** | नागौर

मेड़ता नगर पालिका की गुरुवार को हुई बैठक में जोरदार हंगामा हुआ। इस दौरान विधायक लक्ष्मण राम कलरू की मौजूदगी में एक महिला पार्षद ने चेयरमैन पर चप्पल फेंक दी वहीं एक अन्य पार्षद ने चेयरमैन से हाथापाई कर दी। इस दौरान चेयरमैन ने भी पार्षद पर माइक मारने का प्रयास किया।

दरअसल गुरुवार को नगर पालिका की बैठक बुलाई गई थी। बैठक शुरू होते ही भाजपा पार्षदों ने हंगामा कर दिया। भाजपा पार्षदों ने पालिकाध्यक्ष पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। इस दौरान भाजपा समर्थित निर्दलीय पार्षद शोभा लाहोटी ने पिछली बैठक के प्रस्तावों और कामों की फाइल दिखाने को कहा। इस पर चेयरमैन ने कहा कि आप कौन होते हैं, फाइलें मांगने वाले। तभी पार्षद लाहोटी का पारा चढ़ गया और उन्होंने अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए अध्यक्ष की तरफ चप्पल फेंक दी। इसके बाद देखते ही देखते माहौल गरमा गया। इसी बीच पार्षद मोहित निंबावत चेयरमैन की तरफ गए और बहस करते हुए वहां रखी माला चेयरमैन पर दे मारी।



### दोबारा बैठक शुरू होते ही फिर हंगामा

नगरपालिका के ईओ जितेंद्र सिंह ने बताया कि बैठक में मुद्दों को लेकर पक्ष-विपक्ष के पार्षदों के बीच हंगामा शुरू हो गया था। इस दौरान पालिकाध्यक्ष ने बैठक एक घंटे के लिए स्थगित कर दी थी। कुछ देर बाद वापस बैठक शुरू हुई थी। पालिकाध्यक्ष और विपक्ष के बीच फिर से अलग-अलग मुद्दों को लेकर हंगामा बढ़ गया। इस पर पालिकाध्यक्ष ने बैठक स्थगित कर दी थी। विपक्ष की मांग पर अब 7 दिनों में फिर से बैठक बुलाई जाएगी। अगर अध्यक्ष नहीं बुलाते हैं तो ईओ की ओर से बैठक आयोजित कर बहुमत के आधार पर कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाएगा।

### बैठक के लिए था बहुमत: परतानी

नेता प्रतिपक्ष पवन परतानी ने बताया कि गुरुवार की बैठक में कुल 34 सदस्य उपस्थित और 6 अनुपस्थित थे। ऐसे में 34 में से 19 सदस्य बैठक जारी रखने के पक्ष में हमारे साथ थे। हम शहर का विकास चाहते हैं, लेकिन पालिका अध्यक्ष ने जो भ्रष्टाचार किए हैं, उन पर बात होते ही वे बैठक को स्थगित कर देते हैं, यह गलत है। शहर के विकास के लिए बैठक होनी चाहिए और विकास कार्यों पर चर्चा होनी चाहिए।

### विकास के मुद्दे उठाए तो बैठक कर दी स्थगित

इस पूरे मामले पर विधायक लक्ष्मण राम कलरू ने कहा कि हमने विकास के मुद्दे उठाए थे और पुरानी फाइलें मांगी थीं। इसके बाद चेयरमैन बैठक स्थगित कर चले गए। हमने लीगल चीजों की मांग की थी। इसके बाद दोबारा बैठक हुई, उसमें भी लीगल मुद्दे उठाते हुए बात करनी चाही तो बैठक स्थगित कर दी।

### सबूत हों तो बताएं, मैं पद छोड़ दूंगा: टांक

महिला पार्षद की ओर से अशोभनीय टिप्पणी करने के आरोप पर चेयरमैन गौतम टांक ने कहा मैंने कहीं पर भी महिला पार्षद को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की। इसका उनके पास कोई भी सबूत है तो वे बता दें, मैं अध्यक्ष पद छोड़ दूंगा। भाजपा पार्षदों ने विकास का मुद्दा भटकाने के लिए हंगामा खड़ा किया था। इसके बाद बैठक को स्थगित कर दिया गया। इसके बाद दोबारा बहुमत की बात करते हुए बैठक जारी रखने की मांग की। वहीं विवाद के बाद भाजपा पार्षदों ने बहुमत का दावा कर शोभा लाहोटी को कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया। इसके बाद ईओ जितेंद्र सिंह ने इसे नियमों के खिलाफ बताते हुए मीटिंग को स्थगित करवाया।

**तेज रफ्तार ने छीनी सांसें, बाइक भभकी**

# टक्कर के बाद डंपर ने बाइक को दूर तक घसीटा तीन युवकों की मौत

**बेधड़क** | कोटपूतली

जिले में को तेज रफ्तार डंपर ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मारी और उसे करीब दो सौ मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई और तीसरे ने अस्पताल के बाहर दम तोड़ दिया। वहीं सड़क पर घिसटने से बाइक में आग लग गई। हादसा अलवर-सीकर हाईवे पर डाबला रोड चोटिया मोड के पास गुरुवार सुबह 9.30 बजे हुआ।

सरुंड थाना के एएसआई धूड़ाराम ने बताया कि बाइक पाटन से आ रही थी और डंपर कोपपूतली की तरफ से आ रहा था। इस दौरान अलवर-सीकर हाईवे पर डाबला रोड चोटिया मोड़ के पास डंपर और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद डंपर चालक बाइक को 200 मीटर घसीटते हुए ले गया। टक्कर के बाद बाइक में आग लग गई। बाइक पर तीन लोग सवार थे, जिनमें से 2 की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक घायल को कोटपूतली के राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से उसे जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन हॉस्पिटल के बाहर ही उसने दम तोड़ दिया।



मृतकों की पहचान रींगस के पास उदयपुरिया निवासी अमित शर्मा (25) पुत्र फूलचंद, विवेक शर्मा (20) पुत्र अवधेश शर्मा और पाटन निवासी अमित मीणा (20) पुत्र तोताराम है। तीनों युवक पाटन और कोटपूतली के बीच पड़ने वाले नारेहड़ा में क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने आ रहे थे। क्रिकेट आयोजन स्थल से एक किलोमीटर दूर यह हादसा हो गया। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने डंपर को जब्त कर लिया है।

**राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर चल रहे कार्यक्रम**

## 300 फुट लंबे मांडणे से सजा पुष्कर घाट

**बेधड़क** | अजमेर

जिले में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चल रहे सात दिवसीय कार्यक्रमों के तहत पुष्कर के ग्वालियर घाट पर अजमेर के लोक कला संस्थान के कलाकारों ने भव्य मांडणा बनाया है।

धनुष की आकृति में बने इस मांडणे को लेकर लोक कलाकार संजय सेठी ने बताया कि 300 फीट लंबा और 18 फुट चौड़ा यह मांडणा अपने आप में एक रिकॉर्ड है। उन्होंने बताया कि संस्थान के आठ राजस्थानी मांडणा कलाकारों ने पुष्कर सरोवर के ग्वालियर घाट पर इस श्रीराम धनुष 'कोदंड' को लोक कला मांडणा से सजाया है। उन्होंने बताया कि इसे बनाने के लिए प्राकृतिक गेरू, पांडू एवं पेवडी रंगों का उपयोग किया गया है। संस्थान के प्रजेष्ठ नागोरा व मनोज प्रजापति ने इस धनुष का रेखाचित्र तैयार किया। इसके बाद घाट पर संजय कुमार सेठी, प्रजेष्ठ नागोरा, मनोज प्रजापति, अक्षरा माहेश्वरी, निकिता, गरिमा इंदौरा, दुर्गा गुर्जर, कृतिका शर्मा, प्रकाश नागोरा, अंकुर कुमावत एवं दीक्षा शर्मा की ओर से 6 घंटे के अथक प्रयासों से इसे पूर्ण रूप से सुसज्जित किया गया।

श्री राम धनुष मांडणा तैयार होने बाद शाम को आरती एवं दीपदान भी किया गया। कलाकारों को स्मृति चिह्न प्रदान किए गए।



**विधायक ने पंचायत समिति की बैठक में कहा...**

## जनहित के कार्यों में लापरवाही न बरतें

**बेधड़क** | सीकर

धोद विधायक गोवर्धन वर्मा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का एक ही लक्ष्य होता है जनता का हित। अगर कोई भी जनता के हित में काम नहीं करेगा या उन्हें परेशान करने का काम करेगा तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक गुरुवार को धोद पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक को संबोधित कर रहे थे। पंचायत समिति की बैठक सभा हॉल में प्रधान सुनीता रणवां की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पंचायत समिति सदस्यों व जनप्रतिनिधियों ने बिजली, पानी, चिकित्सा, शिक्षा, जल जीवन मिशन, सड़क और किसानों से जुड़े अनेक मुद्दे उठाए। सदस्यों ने तहसील स्तर पर स्वीकृत स्वास्थ्य केन्द्रों के टेंडर नहीं होने पर भी नाराजगी जताई। पेवा सरपंच चुन्नीलाल ज्याणी ने जल जीवन मिशन के तहत ढ़ाणियों में पाइप लाइन डालने का मुद्दा उठाया। सरपंच ने कहा गर्मी का मौसम आने वाला है, पाइप लाइन नहीं डाली जाने से पेयजल संकट का लोगों को सामना करना पड़ेगा। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने सिंचित नहर योजना में पानी लाने की मांग भी उठाई।



विधायक गोवर्धन वर्मा ने कहा बैठक में विभिन्न मुद्दों पर सदस्यों ने चर्चा की है। उन्होंने अधिकारियों को बैठक में उठाए सभी मुद्दों पर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।

**झुग्गी में रहने वालों को मिलेगा योजनाओं का लाभ**

# बच्चों से भिक्षावृत्ति नहीं कराने के लिए किया पाबंद

**बेधड़क** | सिरोही

जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 की ओर से गत 12 जनवरी से झुग्गी-झोपड़ियों व सड़क पर रहने वाले बच्चों के पुनर्वास के साथ सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

यह अभियान आगामी 31 जनवरी तक चलेगा। इसमें इन बच्चों को शिक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। इसके लिए बाल अधिकारिता विभाग संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करेगा। विभाग के सहायक निदेशक राजेंद्र कुमार पुरोहित ने बताया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग एवं कमिशन फॉर चाइल्ड प्रोटेक्शन राइट्स एक्ट 2005 के तहत गणतंत्र दिवस 2024 के अवसर पर स्ट्रीट सिचुएशन में बच्चों की दशा सुधारने के लिए अभियान शुरू किया है। जिला स्तर पर सार्दुलपुरा, बस स्टैंड, गोयली चौराहा एवं अनादरा चौराहा सहित कई स्थानों पर अभियान के तहत सर्वे करने की तैयारी चल रही है। इसी क्रम में गुरुवार को सार्दुलपुरा में ठाकुर जी मंदिर के पास के एरिया में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष रतन बाफना, सदस्य प्रताप सिंह नून, सहायक निदेशक राजेन्द्र कुमार पुरोहित, अधीक्षक राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह भंवर सिंह परमार, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 के समन्वयक मनोहर सिंह, सुपरवाइजर जीतू कंवर, जसवंत राज, हितेश कुमार केस वर्कर हिमांशु एवं दीपिका कंवर द्वारा सर्वे कर नौ बच्चों को चिह्नित किया गया।



बच्चों के परिवार से मिलकर बच्चों से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली गई। साथ ही परिजनों को बच्चों से भिक्षावृति एवं बाल श्रम नहीं कराने के लिए प्रेरित किया गया।

### जनसुनवाई में दर्ज हुए आठ प्रकरण

सिरोही जिला कलेक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में राजीव गांधी सेवा केन्द्र, कलेक्ट्रेट परिसर में गुरुवार को जनसुनवाई हुई। इसमें आमजन की समस्याओं की सुनवाई कर उनके त्वरित समाधान व निराकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नागरिकों को सुशासन उपलब्ध करवाने के बारे में विचार विमर्श किया गया। इस जन सुनवाई में आठ प्रकरण दर्ज किए गए। जिला कलेक्टर द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को एक निश्चित समयावधि में इनका निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

### प्रकरणों के निस्तारण पर जोर

कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल पर पूर्व में दर्ज प्रकरणों व जिन प्रकरणों में प्रार्थी असन्तुष्ट हैं, उनकी समीक्षा कर एक निश्चित समयावधि में निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को पाबंद किया गया। जनसुनवाई में संपर्क पोर्टल, सीएम हेल्पलाइन 181 पर दर्ज, राजपाल से प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. भास्कर विश्नोई एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेश सोनी मौजूद रहे।

# 2 हजार किमी पीछा कर बिच्छू गैंग के शातिर दबोचे

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

पुलिस की साइबर सेल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लूट की वारदात को अंजाम देने वाले बिच्छु गैंग के 25-25 हजार रुपए के दो बदमाश और 15 हजार रुपए के एक इनामी बदमाश सहित चार को गिरफ्तार किया है। इन अपराधियों से पुलिस ने दो लोडेड पिस्टल व चाकू भी बरामद किया है।



पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि 31 दिसंबर की शाम को भीलवाड़ा जिले के गुलाबपुरा थाना क्षेत्र के रुपाहेली भट्टा चौराहे पर एक ज्वैलर की दुकान के मालिक विनोद, रवि और महेंद्र अपनी दुकान से घर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में दो मोटरसाइकिलों पर 4 से 5 नकाबपोश बदमाशों ने फायरिंग कर व्यापारियों पर हमला किया था और आभूषणों से भरा बैग लूट कर फरार हो गए थे। इस मामले में गुलाबपुरा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। दोनों आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने चारों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।

**NCERT: लुप्त होती जा रही भाषाओं को बचाने के लिए की पहल**

# स्टूडेंट्स और टीचर्स के साथ अब पेरेंट्स के लिए लैंग्वेज कोर्स

## देश ने पिछले 50 वर्ष में खोईं 200 भाषाएं

**बेधड़क** | नई दिल्ली

शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही देश की भाषाओं को बचाने के लिए लोगों को इनका ज्ञान देने का बीड़ा उठाया है। एनसीईआरटी छात्रों और शिक्षकों के साथ ही अभिभावकों के लिए 22 अनुसूचित भारतीय भाषाओं को सीखने के लिए पाठ्यक्रम विकसित कर रही है। यह कोर्स अंग्रेजी और हिंदी दोनों माध्यम में उपलब्ध होगा। 2024-25 शैक्षणिक सत्र से ये भाषा पाठ्यक्रम शिक्षा मंत्रालय के दीक्षा या स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध होंगे। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का जोर भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने पर रहा है।

नीति में कहा गया है कि भारतीय भाषाओं को उचित ध्यान और देखभाल नहीं मिली है, पिछले 50 वर्षों में देश ने 220 से अधिक भाषाएं खो दी हैं। यूनेस्को ने 197 भारतीय भाषाओं को 'लुप्तप्राय' घोषित किया है।




### भाषाओं को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश

एनईपी-2020 दस्तावेज में कहा गया है कि भारत की वे भाषाएं जो आधिकारिक तौर पर ऐसी लुप्तप्राय सूची में नहीं हैं, जैसे कि भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची की 22 भाषाएं, वे भी गंभीर कठिनाइयों का सामना कर रही हैं। भारतीय भाषाओं के शिक्षण और सीखने को हर स्तर पर स्कूली और उच्च शिक्षा के साथ एकीकृत करने की आवश्यकता है। भाषाओं को प्रासंगिक और जीवंत बनाए रखने के लिए, इन भाषाओं में पाठ्यपुस्तकों, कार्यपुस्तिकाओं, वीडियो, नाटकों, कविताओं, उपन्यासों, पत्रिकाओं आदि सहित उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षण और प्रिंट सामग्री की एक सतत धारा होनी चाहिए।

### बहुभाषावाद को देंगे बढ़ावा

एनसीईआरटी की यह पहल भाषा संगम की तर्ज पर है, जिसे 2021 में स्कूली छात्रों के लिए लॉन्च किया गया था। भाषा संगम में 100 सरल, आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले वाक्यों सहित छोटे संवाद शामिल हैं। स्कूल भाषा संगम गतिविधि का अभ्यास करने और उसे क्रियान्वित करने के लिए किसी भी भाषा का चयन कर सकते हैं। पीडीएफ में पुस्तिकाएं diksha.gov.in और एनसीईआरटी वेबसाइट पर भारतीय सांकेतिक भाषा के साथ ऑडियो, वीडियो के साथ उपलब्ध हैं। एनसीईआरटी 22 भारतीय भाषाओं में छात्रों के लिए पाठ्यपुस्तकें विकसित करने की प्रक्रिया में भी है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने भी अपने संबद्ध स्कूलों से शिक्षा के माध्यम के रूप में भारतीय भाषाओं के उपयोग पर विचार करने को कहा है। बहुभाषावाद को बढ़ावा देने पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

**Yuva स्टोरीज**

## कार्बन डाईऑक्साइड पर विशेषज्ञों ने रखे विचार



**बेधड़क** | उदयपुर

भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग की ओर से काइटिन और काईटोसन के उपयोग से कार्बन डाइऑक्साइड का प्रतिवर्ती अनुक्रम विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की मैरीलैंड यूनिवर्सिटी से आई डॉ. प्रीति आर शर्मा ने विस्तृत व्याख्यान दिया, उन्होंने काइटिन एवं काईटोसन के उपयोग पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

विज्ञान संकाय की प्रो. रेनू राठौड़ ने बताया कि ऐसे व्याख्यान के आयोजन का उद्देश्य प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा शोध एवं नवाचार को दृष्टिगत रखते हुए रसायन शास्त्र विषय के स्नातकोत्तर कक्षा के विद्यार्थियों में शोध अध्ययन के प्रति गहरी रुचि जागृत करेगा। व्याख्यानमाला में डॉ. रितु तोमर, रसायन शास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह चूंडावत, सहायक आचार्य डॉ. युवराज कुंवर झाला, डॉ. गिरधर पाल सिंह, डॉ. नीतू जैतावत, डॉ. नरेंद्र पाल सिंह, डॉ. मोनिका कुमावत एवं एमएससी रसायन शास्त्र के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। व्याख्यान में विद्यार्थियों ने सवाल-जवाब किए। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी दिवस पर भी प्रकाश डाला गया।



## युवाओं ने जाने क्लाउड कंप्यूटिंग के सीक्रेट्स

**बेधड़क** | जयपुर

गुरुवार को पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पीआईईटी) में इंडस्ट्री-एकेडमिया कनेक्ट सेशन का आयोजन हुआ। इसमें स्टूडेंट्स को क्लाउड कंप्यूटिंग एवं डिजिटल एजुकेशन के लेटेस्ट ट्रेंड्स को जानने का अवसर मिला। इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉ. दिनेश गोयल ने बताया कि एकेडमिक लर्निंग के साथ अत्याधुनिक तकनीकों के संयोजन के मुख्य उद्देश्य के साथ इस सेशन की मेजबानी की गई। यह सेशन स्टूडेंट्स को जॉब मार्केट के लिए तैयार होने के लिए सक्षम बनाने में सहायक साबित होगा। कार्यक्रम में ट्रेल्हेड, सेल्सफोर्स के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट ऐन गोडार्ड वीबीय, लर्निंग टेक्नोलॉजी एंड ऑपरेशंस के वाइस प्रेसीडेंट प्रवीण खुराना और ट्रेलब्लेजर के संस्थापक उमा शंकर अरोड़ा ने स्टूडेंट्स से इंटरेक्शन करते हुए तेजी से विकसित हो रहे वर्तमान डिजिटल परिदृश्य में सुलभ शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि वे स्वयं अपने मंचों के जरिए लोगों के सीखने और नई तकनीकों को अपनाने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला रहे हैं। रंगा आर. कनपति और कृष्णा मुनिरामैया ने सेल्सफोर्स टेक्नोलॉजीज के व्यावहारिक प्रयोगों पर बताया कि तकनीकी दुनिया में नवाचार और दक्षता को किस प्रकार बढ़ावा मिल रहा है। कार्यक्रम में छात्रों ने विशेषज्ञों के साथ संवाद किया।

## फिजियो कबड्डी बैडमिंटन और मेडिकल क्रिकेट लीग 26 से

**जयपुर।** फिजियो यूनिटी क्लब की ओर से फिजियो कबड्डी बैडमिंटन और मेडिकल क्रिकेट लीग (पीकेबीएल) सीजन-3 का शुभारंभ 26 जनवरी से होगा। इस कार्यक्रम के को-स्पॉन्सर कुटुम्ब केयर हॉस्पिटल है । प्रियुश हॉस्पिटल, संजीवनी मल्टीसर्विसेस, रिलीफ ब्लड बैंक, ए टू जेड फूड, एवरग्रीन पावर सोलर, श्रीमाली नमकीन स्पॉन्सर्स होंगे। डॉ गौरव, डॉ जीशान, डॉ विश्वेश ने पीकेबीएल के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि लीग में पाटिसिपेट करने के लिए लगभग 1500 फिजियो ने रजिस्ट्रेशन करवाया है, इन खिलाड़ियों में महिला फिजियो ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। लीग का प्री लॉन्च कार्यक्रम 24 जनवरी को जयपुर में होगा।

**एआई-मशीन लर्निंग पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस शुरू**

# लोगों के काम करने की प्रकृति बदल देगी एआई

**बेधड़क** | जयपुर

गुरुवार को मणिपाल विश्वविद्यालय जयपुर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में हो रहे नित नए अनुसंधान एवम अवसरों पर चर्चा के लिए दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस कंप्यूटेशन ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवम मशीन लर्निंग के प्रथम संस्करण का शुभारंभ हुआ। मणिपाल विवि परिसर में हुए इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सर्बिया की सिंगीदुनुम यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मिलन टुबा थे। कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए प्रो टूबा ने वैश्विक स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में हो रहे इनोवेशन एवम अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला।



कांफ्रेंस के जनरल चेयर डॉ. संतोष विश्वकर्मा ने बताया कि इस दो दिवसीय कांफ्रेंस में देश-विदेश से 215 पेपर्स आए हैं जिनमें में से करीब 60 पेपर्स का वाचन किया जाएगा। हाइब्रिड मोड में हो रही इस इंटरनेशनल कांफ्रेंस में यूनिवर्सिटी ऑफ अप्लाइड साइंसेज एंड आर्ट्स स्विट्जरलैंड से डॉ.एलिजबायट, कार्डिफ यूनिवर्सिटी यूनाइटेड किंगडम से डॉ. अमित गजभिए, किंग मोंगकुट यूनिवर्सिटी थाईलैंड से डॉ. थैतापोर्ण इत्यादि अपना तकनीकी व्याख्यान देंगे। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष प्रो. जी के प्रभु ने अपने स्वागत भाषण में यूनिवर्सिटी की उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया। स्कूल डायरेक्टर प्रो. संदीप चौरसिया ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का कांफ्रेंस में प्रतिभाग करने के लिए आभार व्यक्त किया। विवि के डीन प्रो अरुण शानबाग ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए आयोजन समिति को शुभकामनाएं प्रेषित की।



## शिक्षक संघ रेसटा का दो दिवसीय प्रान्तीय शैक्षिक सम्मेलन आज से सवाई माधोपुर में

**सवाईमाधोपुर/जयपुर।** शिक्षक संघ एलीमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) का दो दिवसीय प्रान्तीय सवाई माधोपुर में शुक्रवार से होगा। सम्मेलन के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ.किरोड़ी लाल मीणा और विशिष्ट अतिथि खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल होंगे। मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार मीणा, जिलाध्यक्ष राजेश डेकवा एवं जिला संरक्षक विमल चंद मीना ने बताया कि सम्मेलन का उद्घाटन शुक्रवार को सुबह 11 बजे होगा। सम्मेलन में संगठन की गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा साथ ही शिक्षा को सुरक्षित बनाने, शिक्षक-विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करने सहित शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं, तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादले, उप प्राचार्य की सीधी भर्ती, तीन सत्रों की बकाया पदोन्नति, गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने आदि बातों पर गंभीर चर्चा होगी। सम्मेलन में प्रदेश भर से आए शिक्षक शामिल होंगे। प्रदेश सचिव मंसाराम खिजुरी ने बताया कि सम्मेलन के दूसरे दिन खुला अधिवेशन होगा। अधिवेशन में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श के बाद पारित प्रस्तावों को राज्य सरकार को भेजे जाएंगे।

सम्मेलन की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद करेंगे। सम्मेलन में जिला कलेक्टर डॉ.खुशाल यादव, संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा भरतपुर संभाग रामखिलाड़ी बैरवा, सीडीईओ गोविंद बंसल, डीईईओ माध्यमिक नाथूलाल खटीक, डीईईओ प्रारंभिक गोविंद दीक्षित, एडीपीसी दिनेश गुप्ता, सीबीईईओ खंडार राजेंद्र मीना, सीबीईईओ चौथ का बरवाड़ा दिलीप शर्मा, सीबीईईओ बौंली अनिल मीना, सीबीईईओ मलारना डूंगर जाकिर खान, एडीईओ कालूराम बैरवा शामिल होंगे।

**आधुनिक हिन्दी साहित्य पर चर्चा**

# जटिल और उत्तरदायी प्रक्रिया है पुनर्पाठ: राजेश जोशी



**बेधड़क** | जयपुर

हिन्दी विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित 14 दिवसीय पुनश्चर्या कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। आधुनिक हिन्दी साहित्य : पुनःपाठ विषय पर आयोजित हो रहे इस ऑनलाइन पाठ्यक्रम के उद्घाटन सत्र को हिन्दी साहित्य जगत के प्रख्यात और वरिष्ठ कवि-साहित्यकार-संपादक राजेश जोशी ने संबोधित किया। अपने वक्तव्य राजेश जोशी ने कहा, "साहित्य का पुनर्पाठ एक सतत और जरूरी प्रक्रिया है। इससे रचना का पुनर्मूल्यांकन हो सकता है। पुनर्पाठ एक जटिल और उत्तरदायी प्रक्रिया है जिसमें नए चिंतन और विमर्शों के आलोक में ज्ञान का विस्तार और अनुसंधान संभव होता है। पुनर्पाठ समय, वैचारिकी के विकास और सांस्कृतिक समझ विकसित होने के साथ स्वाभाविक प्रक्रिया है।"

इस कार्यक्रम में 27 प्रतिभागियों के प्रतिभागिता की है जिसमें केरल, कर्नाटक, बिहार, पंजाब, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान आदि अनेक राज्यों के राजकीय महाविद्यालयों व केंद्रीय विद्यालयों के सहायक आचार्य सम्मिलित हुए हैं। रेखांकनीय है कि हिन्दी विषय में यह पुनश्चर्या कार्यक्रम 2015 के बाद अब 2024 में आयोजित हो रहा है। देश के नामचीन विचारक-साहित्यकार - आलोचक अपने व्याख्यान देने के लिए अपनी सहमति दे चुके हैं।

अशोक वाजपेयी, अरुण कमल, आशीष त्रिपाठी, अरविन्दाक्षन, रणेंद्र, वैभव सिंह,बजरंग बिहारी तिवारी, गजेंद्र पाठक, हरीराम मीना, असंगघोष, अनुज लुगुन, बसंत त्रिपाठी, देवेंद्र, गरिमा श्रीवास्तव, सुधा सिंह, जीवन सिंह, सूरज पालीवाल, रवि श्रीवास्तव, राजीव गुप्ता, नरेश दाधीच आदि 30 से अधिक विद्वान इसके प्रतिदिन होनेवाले 4 सत्रों में आधुनिक हिन्दी साहित्य के पुनर्पाठ पर अपना बौद्धिक- रचनात्मक हस्तक्षेप करेंगे। इस पुनश्चर्या कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. उर्वशी शर्मा एवम सह-समन्वयक डॉ. दीपिका विजयवर्गीय, डॉ. वीरेंद्र सिंह, डॉ. विशाल विक्रम सिंह हैं।

## शोध प्रविधि पर द्वि-साप्ताहिक राष्ट्रीय कार्यशाला आज से

**जयपुर।** राजस्थान विवि के समाज विज्ञान शोध केंद्र में शोध प्रविधि कार्यशाला शुक्रवार से शुरू होगी। केंद्र निदेशक अशोक सिंह ने बताया कि कार्यशाला में समाज विज्ञान के विभिन्न आयामों पर चर्चा के साथ इसकी उपयोगिता और समाज विज्ञान के शोध संबंधी तकनीक और व्यावहारिक पक्ष पर व्याख्यान होंगे। कार्यशाला में शोधार्थियों की समस्याओं के मद्देनजर शोध विषय चयन, शोध प्रायप निर्माण, तथ्य संकलन, तथ्यों का विश्लेषण, लेखन और शोध प्रस्ताव निर्माण एवं शोध लेखन पर विशेष व्याख्यान होंगे।

**टेक वर्ल्ड** | **इस फील्ड में एक्सपर्ट्स और डेवलपर्स की है भारी डिमांड, होगी मोटी कमाई**

# संभावनाओं से भरपूर हैं टेक्नोलॉजी के लेटेस्ट ट्रेंड्स

**बेधड़क** | जयपुर

आज टेकनीक का दौर है और इसमें एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एक ऐसी तकनीक के रूप में सामने आई है जो मशीनों को इंसानों की तरह ही सोचने, समझने और काम करने की क्षमता देती है।

एआई का उपयोग करके मशीनें खुद सीख सकती हैं और नई स्थितियों का सामना कर सकती हैं। स्मार्टफोन, कारें, घर, अस्पताल सभी एआई पर आधारित होते जा रहे हैं। यदि आप तकनीकी में रुचि रखते हैं और इसी में कॅरिअर बनाना चाहते हैं तो आपके लिए एआई बेहतरीन ऑप्शन है। आने वाले समय में इस फील्ड में बहुत ज्यादा और सैलरी अच्छी मिलेगी।



### एआई डेवलपरों की बहुत होगी डिमांड

एआई न सिर्फ कंप्यूटर विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में बदलाव ला रहा है बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा कर रहा है। एआई विशेषज्ञों, रिसर्चर्स और डेवलपरों की बहुत डिमांड है।

### मशीनें खुद सीख सकती हैं

मशीन लर्निंग में, एल्गोरिदम यानी गणितीय निर्देशों का एक समूह होता है जिसकी मदद से मशीनें खुद सीख सकती हैं। इन एल्गोरिदम को कंप्यूटर प्रोग्राम में डाला जाता है ताकि मशीनें डेटा का विश्लेषण कर सकें और अपने आप सीखें। मशीन लर्निंग से मशीनें हाथ से लिखे अक्षरों को पहचानती हैं। इसके लिए उन्हें हज़ारों लिखे अक्षरों के नमूने दिखाए जाते हैं। ये नमूने मशीन को ट्रेन करते हैं और वो सीख जाती हैं कि कौन सा अक्षर कैसा दिखता है। ऐसे मशीन लर्निंग से मशीनों को इंसानी बुद्धिमता जैसा काम करने की क्षमता मिलती है। यह एक उपयोगी स्किल है जो एआई क्षेत्र में काम करने के लिए जरूरी है।

### डीप लर्निंग है बेहद महत्वपूर्ण

सामान्य मशीन लर्निंग की तुलना में डीप लर्निंग ज्यादा गहराई से काम करता है। मशीनें हजारों-लाखों चित्रों, आवाजों का विश्लेषण करके खुद नतीजे निकालती हैं। इससे मशीनें जटिल पैटर्न की पहचान करना, चित्रों का वर्गीकरण, भाषण या लेखन का अनुवाद जैसे काम सीख जाती हैं।

### डेटा साइंस

डेटा साइंस में डेटा का एकत्रीकरण और विश्लेषण किया जाता है। डेटा का अर्थ है आंकड़े और जानकारी। डेटा साइंस करने वाले वैज्ञानिक विशाल मात्रा में डेटा एकत्र करते हैं और फिर उसे साफ-सुथरा करने, मापने और उससे नतीजे निकालने का काम करते हैं। एआई और मशीन लर्निंग के लिए डेटा बहुत ज़रूरी होता है। मशीनों को डेटा दिखाकर ही ट्रेन किया जाता है ताकि वे कोई काम सीख सकें। इसलिए डेटा साइंस की समझ रखना एआई में फायदेमंद है।

### बड़ी सैलरी कर रही है आपका इंतजार

ये सभी कोर्स 6 महीने से 2 साल तक हो सकते हैं। इनसे आपको AI से जुड़े कॉन्सेप्ट्स की जानकारी मिलेगी। आपके पास अच्छी कंपनियों में नौकरी के बेहतरीन मौके होंगे। AI में हाई पे-स्केल भी काफी अच्छी होती है।

# एयरलाइन कंपनियों की मनमानी



**शैलेंद्र चौहान**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इन दिनों देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर चिंताजनक दृश्य देखने को मिल रहे हैं। कहीं पर उड़ान क्षेत्र में एयरक्राफ्ट के पास बैठकर यात्री खाना खाते दिख रहे हैं तो कहीं दस-दस घंटों तक हवाई जहाज में बैठे हुए हैं। उड़ानेः रद्द होने से गंतव्य तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। वे बेबस दिख रहे हैं। गुस्सा भी हो रहे हैं लेकिन एयरलाइन कंपनियां मनमानी पर उतारू हैं। उन पर कोई असर नहीं हो रहा।

बीते एक महीने से यात्रियों के परेशान होने की तस्वीरें आम हो चुकी हैं। कोहरे के कारण फ्लाइट्स के लेट होने और रद्द होने का सिलसिला लगातार जारी है। सर्दियों के मौसम में उत्तर भारत के लगभग सभी एयरपोर्ट पर कोहरे के चलते फ्लाइट्स डायवर्ट हो रही है। ऐसे में यात्रियों को खासा इंतजार करना पड़ता है।

हाल ही में नागरिक उड्डयन क्षेत्र से जुड़े एक सर्वेक्षण चिंताजनक बात सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 10 में से 9 यात्रियों का मानना है कि भारतीय एयरलाइंस पिछले 24 महीनों से यात्रियों को सुविधाजनक माहौल उपलब्ध कराने से समझौता करती रही हैं। सर्वेक्षण रिपोर्ट में बताया गया है कि 88% यात्रियों को पिछले दो वर्षों में अपनी उड़ानों के दौरान एक या अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ा।

सर्वे में 39% लोगों ने भोजन और मनोरंजन सहित उड़ान सेवाओं को असंतोष का एक महत्वपूर्ण कारण बताया। इसके अलावा, 35% उत्तरदाताओं ने बोर्डिंग और चेक-इन प्रक्रियाओं के साथ-साथ सामान प्रबंधन से संबंधित मुद्दों की सूचना दी, जबकि 9% ने उड़ान के अंदर और हवाई अड्डे पर एयरलाइन कर्मचारियों के व्यवहार के साथ समस्याओं का हवाला दिया।

सर्वे में कुछ लोगों ने बताया कि एयरलाइन काउंटर पर कुछ मिनटों की देरी से पहुंचने के कारण उन्हें बोर्डिंग से वंचित कर दिया जाता है। इसके बाद उन्हें अगली उड़ान के लिए काफी अतिरिक्त शुल्क का भुगतान करने के लिए एयरलाइन के टिकट काउंटर पर ले जाया जाता है। सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया है, "एयरलाइंस द्वारा ओवर बुकिंग करना और कुछ मिनटों की देरी से आने वाले यात्रियों को बोर्डिंग से इनकार करना एक आम समस्या है, साथ ही ऐसे कई मामलों में एयरलाइन कर्मचारियों का अभद्र व्यवहार भी रिपोर्ट किया गया।"

> *नए साल के पहले सप्ताह से जयपुर एयरपोर्ट पर घरेलू व अंतरराष्ट्रीय विमानों में यात्रीभार अचानक कम होना शुरू हुआ, जोकि अब तक जारी है। यह 15 हजार से लुढ़क कर महज 5 से 6 हजार के बीच ही रह गया। परेशानी की बात है कि एयरलाइंस कंपनियां दिल्ली, मुंबई, पुणे, उदयपुर समेत कई शहरों के लिए टिकट तो बुक कर रही हैं, लेकिन कम यात्रीभार के चलते अचानक उस उड़ान को रद्द कर दे रही हैं।*

जयपुर एयरपोर्ट पर जहां आए दिन ऐन वक्त पर रद्द हो रहे विमानों से यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं, दूसरी ओर एयरलाइंस कंपनियां मनमानी पर उतर आई है। कम यात्रीभार के कारण आर्थिक संकट झेल रही कपंनियां अब यात्रियों की मुसीबत बढ़ा रही हैं और ही जेब भी काट रही हैं जिससे यात्रियों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। दरअसल, नए साल के पहले सप्ताह से जयपुर एयरपोर्ट पर घरेलू व अंतरर्राष्ट्रीय विमानों में यात्रीभार अचानक कम होना शुरू हुआ, जोकि अब तक जारी है। यह 15 हजार से लुढ़कर महज 5 से 6 हजार के बीच ही रह गया। परेशानी की बात है कि एयरलाइंस कंपनियां दिल्ली, मुंबई, पुणे, उदयपुर समेत कई शहरों के लिए टिकट तो बुक कर रही हैं लेकिन कम यात्रीभार के चलते अचानक उस उड़ान को रद्द कर दे रही हैं। ऐन वक्त पर ऐसा होने से यात्रियों को गंतव्य तक जाने में तो दिक्कत हो ही रही रही हैं पर ज्यादा मुसीबत उन्हें रिफंड लेने में हो रही है। क्योंकि रिफंड देने में अलग-अलग एयरलाइंस कंपनियां अपने अपने तरीके से मनमानी पर उतर आई हैं। इसके लिए यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है। पड़ताल में सामने आया कि एयरलाइंस कंपनियां दो तरह से मनमानी कर रही हैं।

एक तो वह रिफंड हाथों हाथ देने की बजाय सात दिन का हवाला दे रही हैं। जिससे कई यात्रियों को दस से पंद्रह दिन होने तक भी रिफंड नहीं मिल रहा। दूसरा तरीका क्रेडिट सेल दे रही है। जिससे वह यात्री को किसी भी रूट पर छह महीने या एक साल तक यात्रा करने का प्रलोभन देकर खुद के नुकसान को तो बचा रही हैं लेकिन यात्रियों को मुसीबत में रही हैं। इसके तहत सबसे ज्यादा प्रभावित वे लोग हैं जो कभी कभार यात्रा करते हैं। यह क्रेडिट सेल उनके लिए नुकसानदायक साबित हो रही है। ज्यादातर एयरलाइंस क्रेडिट सेल ही दे रही हैं। ये यात्रियों की जेब काटने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। इसको लेकर एयरलाइंस कंपनियों के प्रतिनिधियों का कहना हैं कि नियमों के तहत रिफंड कर रहे हैं। यात्री को दोनों ऑप्शन दे रहे हैं। चाहे तो वह रिफंड ले या क्रेडिट सेल। रिफंड एक तय समयावधि में ही मिलता है। इसमें देरी भी होती है।

यात्री को टिकट बुकिंग के दौरान विमान के कम यात्री भार की जानकारी होना संभव नहीं है। इधर एयरलाइंस भी विमान के तय अंत समय तक बुकिंग करती रहती है। यात्रीभार कम होने से अचानक ऑपरेशनल कारण बताकर संचालन रद्द कर देती है। इन दिनों यहां 20 से 25 उड़ानें रोजाना रद्द हो रही हैं। हैरानी बात है कि इन पर कोई कार्रवाई भी नहीं होती। न डीजीसीए और न उड्डयन मंत्रालय ही कोई ठोस कार्रवाई करता दिखता है। बस दिखावटी चेतावनियां दे दी जाती हैं। वैसे फ्लाइट्स लेट होने या रद्द होने की सूरत में यात्रियों के भी अपने अधिकार होते हैं और वो ऐसे समय में अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

### राजा और व्यक्ति के रूप में आदर्श है राम का चरित्र

# जन-जन के नायक हैं मर्यादा पुरुषोत्तम



**डॉ. सौरभ मालवीय**
एसोसीएट प्रोफेसर
लखनऊ विश्वविद्यालय

> *एक राजा के रूप में भी श्रीराम ने स्वयं को लोकनायक ही सिद्ध किया। उन्होंने लोकनायक के रूप में शासन किया। वह राजा थे। वह चाहते तो निरंकुश होकर निर्णय ले सकते थे, परन्तु उन्होंने लोकनायक के रूप में आदर्श स्थापित किया। उनके राज्य में सबको अभिव्यक्ति का अधिकार था। जब धोबी ने माता सीता के चरित्र पर प्रश्न चिह्न लगाया, तो श्रीराम ने सीता का त्याग कर दिया।*

सनातन धर्म के अनुयायी श्रीराम को भगवान मानते हैं तथा उनकी पूजा-अर्चना करते हैं। वह भगवान विष्णु के अवतार माने जाते हैं, जिन्होंने लंका नरेश रावण एवं अन्य राक्षसों का संहार करके मानव जाति को उनके अत्याचारों से मुक्त करने के लिए अयोध्या के राजा दशरथ के यहां राम के रूप में जन्म लिया था। इसके इतर राम ने स्वयं को एक जननायक के रूप में स्थापित किया। उनका संपूर्ण जीवन इस बात का प्रमाण है कि उन्होंने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मर्यादा के नूतन आयाम स्थापित किए। इसीलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। उन्होंने अपने संपूर्ण जीवन में कभी मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया, इसलिए भी उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है।

**आदर्श पुत्रः** श्रीराम एक आदर्श पुत्र थे। उन्होंने अपने पिता राजा दशरथ के वचन का पालन किया। उन्होंने राजा दशरथ द्वारा अपनी पत्नी कैकेयी को दिए वचन को पूर्ण करने के लिए राजपाट त्याग कर चौदह वर्ष का वनवास सहर्ष स्वीकार कर लिया। उन्होंने अपनी माता के वचन का सहृदय से पालन करके यह सिद्ध कर दिया कि उनके लिए पिता के वचन और माता की प्रसन्नता से बढ़कर कुछ भी नहीं है। उन्होंने वैभवशाली जीवन का त्याग करके वन में जीवन व्यतीत करना उचित समझा। उन्होंने अपने पिता की मनोव्यथा एवं उनकी विवशता को अनुभव किया तथा बिना किसी अंतर्द्वन्द्व के वनवास जाने का निर्णय ले लिया। यह निर्णय कोई सरल कार्य नहीं था। आज के युग में कोई अपनी एक इंच भूमि भी अपने भाई को नहीं देना चाहता। भूमि और संपत्ति को लेकर भाइयों के मध्य रक्तपात हो जाता है। ऐसे में त्रेता युग में जन्मे श्रीराम परिवार मूल्य बोध के लिए एक आदर्श स्थापित करते हैं। चित्रकूट में जब भरत व उनके अन्य परिवारजन उन्हें पुनः अयोध्या वापस लौटने को कहते हैं, वह इसे अस्वीकार कर देते हैं। उनकी माता कैकेयी भी उनसे अपने वचनों को वापस लेने की बात कहती हैं, परन्तु वह अपने निर्णय पर अटल रहते हैं तथा उनके कथन को अस्वीकार कर देते हैं। वह अपनी माता से कहते हैं कि आपका वचन पिता से संबंधित था, मुझसे नहीं। मेरा संबंध तो पिता के वचन से है आपसे नहीं, इसलिए मैं उनके वचन की अवज्ञा नहीं कर सकता। मैं अपने पिता के वचन से बंधा हुआ हूं। तभी से यह कहा जा रहा है कि "रघुकुलरीत सदा चली आई, प्राण जाय पर वचन न जाय।" वास्तव में राजा दशरथ अपने पुत्र से अत्यधिक स्नेह करते थे। पुत्र के वियोग में उन्होंने अपने प्राण त्याग दिए, परन्तु अपने वचन का पालन किया।



**आदर्श भाईः** श्रीराम एक आदर्श भाई भी थे। उनके लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के प्रति अथाह प्रेम, त्याग एवं समर्पण के कारण उन्हें आदर्श भाई माना जाता है। उन्होंने अपनी माता कैकेयी के आदेश पर अपना राज्य अपने छोटे भाई भरत को सौंप दिया और स्वयं अपनी पत्नी सीता और छोटे भाई लक्ष्मण के साथ वनवास के लिए प्रस्थान कर गए।

**रामचरित मानस में भक्त शिरोमणि तुलसीदास कहते हैं-**

सजि बन साजु समाजु सबु
बनिता बंधु समेत।
बंदि बिप्र गुर चरन प्रभु चले
करि सबहि अचेत।।

अर्थात वन के लिए आवश्यक वस्तुओं को साथ लेकर श्रीराम पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण सहित ब्राह्मण एवं गुरु के चरणों की वंदना करके सबको अचेत करके चले गए।

**सद्भाव का संदेशः** श्रीराम ने समाज के प्रत्येक वर्ग को आपस में जोड़कर रखने का संदेश दिया। उन्होंने प्रेम एवं भाईचारे का संदेश दिया। निषादों के राजा निषादराज श्रीराम के अभिन्न मित्र थे। वह ऋंगवेरपुर के राजा थे। उनका नाम गुह्यराज था। वह श्रीराम के बाल सखा थे। उन्होंने एक ही गुरुकुल में रहकर शिक्षा प्राप्त की थी। आदिवासी समाज के लोग आज भी निषादराज की पूजा करते हैं। उन्होंने वनवास काल में श्रीराम, सीता एवं लक्ष्मण को गंगा नदी पार करवाई थी।

**संपूर्ण प्राणियों से प्रेमः** श्रीराम मनुष्यों से ही नहीं, अपितु पशु-पक्षियों से भी हृदय से प्रेम करते थे। पशु-पक्षियों ने भी समय-समय पर उनकी सहायता की। इनकी सहायता से ही उन्हें सीता के हरण के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। श्रीराम का गिलहरी से संबंधित एक अत्यंत रोचक प्रसंग है।

जिस समय श्रीराम की सेना रामसेतु के निर्माण के कार्य में व्यस्त थी, उस समय लक्ष्मण ने उन्हें गिलहरी को निहारते हुए देखा। इस बारे में पूछने पर श्रीराम ने बताया कि एक गिलहरी बार-बार समुद्र के तट पर जाती है तथा रेत पर लोटपोट करके रेत को अपने शरीर पर चिपका लेती। जब रेत उसके शरीर पर चिपक जाती, तो वह सेतु पर जाकर सारा रेत झाड़ देती है। वह बहुत समय से ऐसा कर रही है। यह सुनकर लक्ष्मण ने कहा कि वह केवल क्रीड़ा का आनंद ले रही है। इस पर श्रीराम ने कहा कि लक्ष्मण से कहा कि मुझे ऐसा प्रतीत नहीं होता। उत्तम तो यही होगा कि हम इस संबंध में गिलहरी से ही पूछ लेते हैं। उन्होंने गिलहरी से पूछा कि तुम क्या कर रही हो? गिलहरी ने उत्तर दिया कि कुछ नहीं, केवल सेतु निर्माण के पुनीत कार्य में अपना थोड़ा सा योगदान दे रही हूं। उन्हें उत्तर देकर गिलहरी पुनः अपने कार्य के लिए चल पड़ी, तो लक्ष्मण ने उसे रोकते हुए पूछा कि तुम्हारे रेत के कुछ कणों से क्या होगा?

इस पर गिलहरी ने उत्तर दिया कि आप सत्य कह रहे हैं। मेरे रेत के कुछ कणों से कुछ नहीं होगा, परन्तु मैं अपने सामर्थ्य के अनुसार जो योगदान दे सकती हूं, दे रही हूं। मेरे कार्य का कोई मूल्यांकन नहीं, परन्तु इससे मेरे मन को संतुष्टि प्राप्त हो रही है कि मैं अपनी योग्यता एवं सामर्थ्य के अनुसार अपना योगदान दे रही हूं। मेरे लिए यही पर्याप्त है, क्योंकि यह राष्ट्र का कार्य है एवं धर्म का कार्य है। गिलहरी का यह प्रसंग सदैव से ही प्रासंगिक रहा है, क्योंकि इससे यह प्रेरणा मिलती है कि प्रत्येक मनुष्य को अपने सामर्थ्य के अनुसार जनहित एवं राष्ट्र हित में कार्य करना चाहिए।

**नेतृत्व क्षमताः** श्रीराम एक लोक नायक थे। उनमें नेतृत्व की अपार क्षमता थी। उन्होंने समुद्र में पत्थरों से सेतु का निर्माण करवाया, जिसे राम सेतु कहा जाता है। सीताहरण के पश्चात उन्होंने वानरों की सेना के माध्यम से लंका पर चढ़ाई कर दी। एक ओर लंका नरेश रावण की बलशाली राक्षसों की शक्तिशाली सेना थी, तो दूसरी ओर निर्बल वानरों की छोटी सी सेना। किन्तु श्रीराम के पास सत्य की शक्ति थी और वानर सेना का उनके प्रति अटूट प्रेम, श्रद्धा एवं विश्वास था। इस सत्य एवं श्रद्धा के बल पर उन्होंने लंका पर विजय प्राप्त की। वे अपने मित्रों एवं साथियों को आदर एवं सम्मान देते थे। उन्होंने अपने मित्र निषादराज, सुग्रीव, हनुमान, केवट, जामवंत एवं विभीषण आदि को समय-समय पर नेतृत्व करने के अवसर प्रदान किए तथा उनकी हृदय से सराहना भी की।

**मातृभूमि से प्रेमः** लंका पर विजय प्राप्त करने के पश्चात श्रीराम ने लंका का राज्य रावण के भाई विभीषण को सौंप दिया तथा अयोध्या लौटने का निर्णय किया। इस पर लक्ष्मण ने कहा कि लंका में स्वर्गीय सुख है। लंका स्वर्णमयी है। अयोध्या में क्या रखा है? इस पर श्रीराम ने कहा-

अपि स्वर्णमयी लंका न मे लक्ष्मण रोचते।
जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।।
(वाल्मीकि रामायण)

अर्थात यद्यपि यह लंका स्वर्ण से निर्मित है, फिर भी इसमें मेरी कोई रुचि नहीं है, जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी महान है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# गायों का लोकतांत्रिक अधिकार



**दिनेश विजयवर्गीय**
व्यंग्यकार

एक समय था जब गाये चरने के लिए जंगल में जाया करती थी। और संध्या को घरों को लौट आती थी। परिजन उसकी दूध देने की क्षमता का उपयोग कर स्वस्थ रहते थे। गाय हमारी माता है मानकर आज तक हम आस्थावान बने हुए हैं।

आज समय बदल गया। बढ़ती आबादी के चलते जंगल का मंगल हरने लगा है । अब गाय जंगल में इतनी दूर का सफर नहीं करती। उन्हें भी थकान आने लगी है अब वह भी शहर की सड़कों पर रहकर अपना सुविधा भरा जीवन बिताने लगी है।

अब गाये भी लोकतंत्र में अपनी स्वतंत्रता और सामूहिकता का महत्व समझने लगी है। अब वह घरों में बंधकर नहीं रहना चाहती सड़कों व चौराहों पर गुनगुनी धूप का आनंद लेने लगी है। अब वह भी शहर के गली मोहल्ले छोड़ आदमी की तरह बाजारों में घूम घूम कर कचोरी की चटनी सने कागज को खा पीकर चटकारे मानने लगी है। ट्रैफिक वाले भी उनसे कुछ नहीं कहते । वे जहां चाहे बसर कर अपनी साथिन के साथ ननंद भोजाई की तरह बातें करती समय पास कर लेती हैं।

गाय शहर की सड़कों चौराहों पर ही नहीं वह तो अब राष्ट्रीय राजमार्गों पर भी जमने लगी हैं। सौ की स्पीड से चलने वाली गाड़ी के पहियों को पल में ही थाम देती हैं। गायें खुश है कि उन पर टोल टैक्स नहीं लगता। शहरी सड़को चौराहों का आनंद हो या राष्ट्रीय राजमार्गों का, कहीं भी कोई उनसे कुछ कहता नहीं। सब मन मसोस कर आगे बढ़ लेते हैं ट्रैफिक वालों की खतरे भरी सीटी की आवाज को तो वह एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल देती है । नगर परिषद भी अब हटे तब हटे का इंतजार करती रहती है।

गाय अपने स्वतंत्रता के अधिकार को ठीक से समझ ने लगी हैं। वे अब धर्म का चारा चरने गौशाला भी नहीं जाना चाहती। शहर में ही यहां फैरी लगाकर शहरी स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेटी रहती हैं। सड़कों पर हर दिन चौराहों पर ट्राफिक की पीपी पोंपों वाला संगीत सुनकर जीने का सुख प्राप्त करने लगी हैं।

अब इन गायों से कौन क्या कहे यह तो गायें हैं शहर की।

X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
आज पवित्र अयोध्या धाम की विरासत और भगवान श्री राम को समर्पित स्मारक डाक टिकट जारी करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर दुनियाभर में प्रभु श्री राम पर जारी टिकटों से जुड़ी एक पुस्तक का अनावरण भी किया। मुझे विश्वास है कि स्मारक डाक टिकट और यह पुस्तक आने वाली कई पीढ़ियों को श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के इस पावन अवसर का स्मरण कराती रहेगी।



**प्रियंका गांधी,** कांग्रेस महासचिव
@priyankagandhi
जो सचमुच धर्म को मानता है, वो धर्म के साथ 'निजी रिश्ता' रखता है। वह अपने जीवन में धर्म का प्रयोग करता है। जो धर्म के साथ 'पब्लिक रिश्ता' रखता है, वो धर्म का फायदा उठाने की कोशिश करता है। मैं अपने धर्म का फायदा उठाने की कोशिश नहीं करता, मैं अपने धर्म के सिद्धांतों पर जिंदगी जीने की कोशिश करता हूं। मैं लोगों की इज्जत करता हूं, अहंकार से नहीं बोलता, नफरत नहीं फैलाता। ये मेरे लिए हिंदू धर्म है। श्री @RahulGandhi जी, नागालैंड में।



**महंत योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री (यूपी)
@myogiadityanath
एक पाई सरकार ने नहीं दी है, न केंद्र की सरकार ने, न राज्य की सरकार ने, मंदिर के किसी काम में नहीं!
ये सारा पैसा रामभक्तों ने देश भर से दिया है, दुनिया भर से दिया है...

### नॉलेज कॉर्नर: जलवायु परिवर्तन से लगातार पिघल रहे ग्लेशियर

# जिंदा हो सकते हैं बर्फ में दफन पुराने वायरस

जब कभी क्लाइमेट चेंज की बात होती है, तो दिमाग में साउथ पोल की पिघलती हुई बर्फ की तस्वीर आती है। यह सही है कि बर्फ के पिघलने से तटीय देश समुद्र की ऊंची लहरों में डूब जाएंगे। लेकिन इस बर्फ में कुछ ऐसा छिपा हुआ है, जो अगर बाहर आ गया तो जमीनी या किसी भी तरह के इलाके में रहने वाले लोगों का बच पाना नामुमकिन है। वैज्ञानिकों ने पाया है कि आर्कटिक की बर्फ में खतरनाक गैस मीथेन जमी हुई है। उससे ज्यादा चिंता की बात यह है कि बर्फ की चादर के नीचे हजारों सालों पुराना जॉम्बी वायरस दफन है। अगर बर्फ के पिघलने की दर ऐसी ही रहती है, तो जल्द धरती एक ऐसे प्राकृतिक आपदा की चपेट में होगी जिसका समाधान निकाल पाना शायद ही मुमकिन हो। आइए जानते हैं कि ये जॉम्बी वायरस क्या है और इससे धरती को कितना खतरा है।

## ग्लेशियर से बड़ी परेशानी है पर्माफ्रॉस्ट

आमतौर पर लोगों को लगता है कि जलवायु परिवर्तन से सिर्फ आर्कटिक के ग्लेशियर ही पिघल रहे हैं। लेकिन धरती के बढ़ते तापमान से आर्कटिक के पर्माफ्रॉस्ट भी पिघल रहे हैं। पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने से इंसानों को कई गुना घातक आपदा का सामना करना पड़ सकता है। आगे बढ़ने से पहले पर्माफ्रॉस्ट के बारे में समझना जरूरी है। नासा के अनुसार, पर्माफ्रॉस्ट वो जमीन है जो लगातार, कम से कम, दो सालों तक पूरी तरह से जमी रहती है। ये जमीन ऐसे मिट्टी, पत्थर और



रेत की बनी होती है जिन्हें बर्फ साथ जोड़कर रखती है। सतह के पास, पर्माफ्रॉस्ट मिट्टी में बड़ी मात्रा में ऑर्गेनिक कार्बन होता है। यह मरे हुए पौधों का बचा हुआ वो पदार्थ होता है जो ठंड के कारण डीकंपोज या सड़ नहीं पाता। इसके अलावा, पर्माफ्रॉस्ट के नीचे की परतों में ज्यादातर खनिजों से बनी मिट्टी होती है। पर्माफ्रॉस्ट पिघला तो एक साथ कई परेशानियों का पिटारा पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लेगा।

## जॉम्बी वायरस का प्रकोप

जब पर्माफ्रॉस्ट पिघलता है, तो बर्फ और मिट्टी में कैद प्राचीन बैक्टीरिया और वायरस भी इंसानों के संपर्क में आते हैं। आम भाषा में इन्हें जॉम्बी वायरस कहते हैं। अमेरिका की हेल्थ एजेंसी NCBI के अनुसार, 'जॉम्बी वायरस' शब्द उन वायरस को संदर्भित करता है जो लंबे समय से इनएक्टिव हैं। साल 2013 में साइबेरिया के पर्माफ्रॉस्ट में 30,000 साल पुराना वायरस पहचाना गया था। कुछ समय पहले, रूस में जमी हुई झील में इससे भी 10 हजार साल पुराना पैंडोरावायरस येडोमा जॉम्बी वायरस मिला है। रिपोर्ट के अनुसार, वहां ऐसा जॉम्बी वायरस मिला है जो हजारों सालों तक जमे रहने के बाद भी संक्रामक है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ये वायरस इंसानों और जानवरों दोनों के लिए गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है।

**नई महामारी का जन्म**

*एक्सपर्ट्स मानते हैं कि अगर जॉम्बी वायरस का संक्रमण फैलता है, तो हमारा इम्यून सिस्टम इनसे निपटने में सक्षम नहीं है। क्योंकि प्राचीन वायरस की संरचना आज के वायरस से बहुत अलग होगी, इससे लड़ने के खिलाफ कोई दवा और टीका भी तुरंत उपलब्ध नहीं हो पाएगा।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

### भारतीय किसान यूनियन का चार दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न, समस्याओं पर हुई चर्चा

# देशभर में 26 को ट्रैक्टर परेड करेंगे किसान, 16 फरवरी को भारत बंद

■ किसानों का भविष्य सरकार नहीं, आंदोलन तय करेगा

एजेंसी | प्रयागराज

परेड मैदान में आयोजित भारतीय किसान यूनियन के चार दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन किसान महाकुंभ के अंतिम दिन गुरुवार को एक किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद में स्थित क्रिया योग आश्रम के आचार्य योगी सत्यम ने भी हिस्सा लिया और सनातन धर्म के मार्ग पर किसानों को चलने के लिए प्रेरित किया। साथ ही साथ प्रयागराज अधिवेशन में किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा आज घोषित किए गए गन्ने का मूल्य काफी नहीं है। मात्र 20 रुपए बढ़ने से किसान को निराशा हुई है। प्रदेश का किसान 400 रुपए से अधिक गन्ना मूल्य घोषित होने की आशा कर रहा था, क्योंकि खेती पर प्रतिदिन खर्च बढ़ता जा रहा



है। इसके अनुपात में किसान को फसल का वाजिब दाम नहीं मिल रहा है। टिकैत ने कहा कि किसानों का भविष्य सरकार नहीं, आंदोलन तय करेगा। राकेश टिकैत ने कहा कि हम 26 जनवरी को देश भर में ब्लॉक व तहसील स्तर पर ट्रैक्टर परेड निकलेंगे, क्योंकि हमने दिल्ली में हुए किसान आंदोलन में भी ट्रैक्टर परेड निकाली थी। देश का किसान 16 फरवरी को भारत बंद के साथ-साथ खेती किसानी के सभी कार्य भी एक दिन नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन लंबित चल रही है अपनी सभी मांगों को लेकर देश की राजधानी दिल्ली में 14 मार्च को एक दिवसीय किसान महापंचायत का आयोजन करेगा। जिसमें देश भर के किसान शामिल होंगे।

#### भाजपा पर किए वार

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह बीजेपी के वोट बैंक का जरिया है। केंद्र में किसी की भी सरकार बने, किसानों की आवाज सुननी होगी। उन्होंने कहा कि हमारा संगठन अराजनैतिक है। लोकसभा चुनाव में हमारी कोई सक्रिय भूमिका नहीं है। मोदी सरकार की नीतियां तो किसान विरोधी ही हैं। केंद्र में सरकार चाहे जिसकी सरकार बने, उसे किसानों की आवाज सुननी होगी। पूंजीवाद देश पर हावी हो रहा है। किसानों के बच्चों के पास रोजगार नहीं है। जमीन बेचकर गुजारा कर रहे हैं। किसानों को सबसे निचले स्तर की स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती हैं। मजबूरी में लाखों किसान भूमिहीन होकर मजदूर बन रहे हैं। सरकार देश में मजदूरों की फौज इकट्ठा कर रही है।

#### अधिवेशन में ये रहे मौजूद

राष्ट्रीय अधिवेशन के अंतिम दिन महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन के गौरव टिकैत, राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन ,उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राजपाल शर्मा, युवा प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश अनुज सिंह, राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पवन खटाना, प्रमुख प्रदेश महासचिव विजेंद्र सिंह यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुशलपल आर्य,राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर नौ सिंह, मध्य प्रदेश के अध्यक्ष अनिल यादव ने हिस्सा लिया। पंचायत की अध्यक्षता शालिग्राम यादव जी ने की ओर संचालन राष्ट्रीय महासचिव ओमपाल मलिक जी ने किया।

## शिवकुमार ने कार्यकर्ताओं को दिया तोहफा



**बंगलूरू।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने 36 विधायकों और 39 कांग्रेस कार्यकर्ताओं को राज्य संचालित बोर्डों और निगमों में प्रमुख पदों पर नियुक्त करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि नाम की सूची जल्द जारी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने का वक्त आ गया है। गौरतलब है कि डीके शिवकुमार राज्य में कांग्रेस के अध्यक्ष भी हैं। राज्य में शुक्रवार को कांगेस लोकसभा चुनाव समिति की बैठक भी आयोजित की जाएगी।

## सामूहिक दुष्कर्म मामले की SIT जांच की मांग

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में एक महिला से दुष्कर्म के मामले में भाजपा ने राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन की चेतावनी दी। भाजपा नेता ने गुरुवार को कहा कि महिला के साथ कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म की एसआईटी जांच की मांग को लेकर 20 जनवरी को हावेरी जिला मुख्यालय शहर में प्रदर्शन की जाएगी। बता दें कि एक 26 वर्षीय मुस्लिम महिला ने आरोप लगाया है कि वह आठ जनवरी को दूसरे समुदाय के एक दोस्त के साथ हावेरी जिले के हंगल तालुक में एक होटल में गई थी। महिला ने कहा कि होटल में उसके साथ सात लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। महिला ने बताया कि आरोपियों ने इसका वीडियो भी बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

### असम पहुंची भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर एफआईआर दर्ज

# असम को विभाजित कर रही भाजपा, बिस्वा भ्रष्ट CM: राहुल

■ हिमंत बिस्व सरमा ने भी रूट को लेकर दी थी चेतावनी

एजेंसी | गुवाहाटी

कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' गुरुवार को नगालैंड से असम पहुंची। लेकिन यात्रा का रूट बदलने पर राहुल की यात्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। राज्य के जोरहाट शहर में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इससे पहले असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने भी रूट को लेकर चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा, ''हमने कहा है कि शहरों के अंदर से नहीं जाना है। मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग होम है। ऐसे में जो भी वैकल्पिक रास्ता मांगा जाएगा उसकी अनुमति दे दी जाएगी, लेकिन अगर शहर के अंदर से जाने की जिद्द की जाएगी तो हम पुलिस की व्यवस्था नहीं करेंगे। वहीं गुरुवार को राहुल गांधी ने शिवसागर जिले से असम यात्रा शुरू की। ये यात्रा 17 जिलों से गुजरेगी और 833 किमी का सफर तय करेगी। राहुल ने सुबह नगालैंड के तुली से बस यात्रा फिर

#### राज्य के 17 जिलों में 833 किमी का सफर तय करेंगे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष




से शुरू की और लगभग 9:45 बजे असम पहुंचे। असम में यह यात्रा 25 जनवरी तक जारी रहेगी। इस मौके पर राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। राहुल ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को भ्रष्ट सीएम बताया है। भाजपा और आपके मुख्यमंत्री असम को विभाजित कर रही है। शायद देश का सबसे भ्रष्ट सीएम असम का सीएम है। बता दें कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के कारण असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने 18 जनवरी और 19 जनवरी को जोरहाट और डेरगांव में अपने कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। वहीं, आगामी लोकसभा चुनाव से पहले शुरू हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा में असम पर खास फोकस है।

#### कांग्रेस की रैली में नहीं जाएंगे लोग: मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा

सांसद राहुल गांधी की यात्रा को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ताजा बयान दिया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, भाजपा के सबका साथ, सबका विकास' के अंतर्गत इतना विकास हुआ है कि आप देखते जाइए असम में कांग्रेस का सफाया होगा। कांग्रेस की रैलियों में पहले मुस्लिम पुरुष और महिलाएं दोनों आते थे, लेकिन इस बार तो मां और बहनें दोनों ही नहीं आईं। धीरे-धीरे पुरुष लोग भी जाना बंद कर देंगे। सीएम ने कहा कि असम में इतनी प्रगति हुई है कि मुस्लिम महिलाएं और पुरुष कांग्रेस की रैलियों में जाना बंद कर देंगे। बता दें कि राहुल गांधी के जुबानी हमले के बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा ने उनपर पलटवार किया है।

#### मणिपुर में गृहयुद्ध जैसे हालात

राहुल गांधी ने एक बार फिर भाजपा, आरएसएस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मणिपुर में गृहयुद्ध जैसे हालात है। राज्य विभाजित होने की कगार पर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री अभी तक वहां नहीं गए हैं। मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति (ST) दर्जे की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' आयोजित किए जाने के बाद पिछले साल 3 मई को पहली बार झड़पें हुई थीं। मणिपुर में मेइती लोगों की आबादी लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं, जबकि आदिवासियों-नगा और कुकी समुदाय की आबादी 40 प्रतिशत है जो पर्वतीय जिलों में रहते हैं। । उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा, आरएसएस नफरत फैला रहे हैं। इसके जरिए वह जनता का पैसा लूट रहे हैं।

### एक देश-एक चुनाव

## पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की न्यायाधीशों और चुनाव आयुक्त के साथ चर्चा

एजेंसी | नई दिल्ली



एक देश एक चुनाव पर विचार विमर्श के लिए बनी उच्च स्तरीय समिति मंथन कर रही है। इस संबंध में उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने पूर्व न्यायाधीशों और पूर्व चुनाव आयुक्त से मुलाकात कर एक साथ चुनाव की संभावनाओं पर चर्चा और मंथन किया। समिति के अध्यक्ष ने मद्रास उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश मुनीश्वर नाथ भंडारी से बुधवार को दिल्ली में मुलाकात की और गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय की पूर्व मुख्य न्यायाधीश जी रोहिणी के साथ विचार विमर्श किया। कोविन्द ने एक देश एक चुनाव की संभावनाओं पर पूर्व चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा के साथ भी चर्चा की। उच्च स्तरीय समिति की चर्चा और मंथन की प्रक्रिया अभी जारी रहेगी। समिति विचार विमर्श की प्रक्रिया में देश के आम नागरिकों, राजनैतिक दलों, सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीशों, प्रख्यात न्यायविदों, संविधान के जानकारों और पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों से परामर्श होता है।

## 3 राज्यों के दौरे पर PM

एजेंसी | नई दिल्ली

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को अब कुछ दिन ही शेष हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके लिए 11 दिनों के अनुष्ठान पर हैं। लेकिन अयोध्या में होने वाले इस भव्य कार्यक्रम के पहले पीएम मोदी 19 जनवरी को तीन राज्यों का दौरा करने जा रहे हैं। बता दें कि पीएम एक दिन में ही ये तीनों राज्य कवर करेंगे। दौरे की शुरुआत महाराष्ट्र के सोलापुर से होगी। इसके बाद कर्नाटक के बेंगलुरु और अंत में तमिलनाडु के चेन्नई में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। लोकसभा चुनाव से पहले तीन राज्यों का यह दौरा कई लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### पी.चिदंबरम ने की सरकार के फैसले की आलोचना

# सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च के खिलाफ कार्रवाई असंवैधानिक

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी.चिदंबरम ने थिंक टैंक सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च (सीपीआर) का एफसीआरए लाइसेंस रद्द करने के फैसले की आलोचना की है। उन्होंने इस कदम को असंवैधानिक करार दिया है। उन्होंने कहा कि अगर सीपीआर के शोध और विचार सरकार की नीति के अनुरूप होंगे, तो यह उसकी अकादमिक आजादी को खत्म करने जैसा होगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने हाल ही में सीपीआर का एफसीआरए



लाइसेंस रद्द किया है। मंत्रालय ने सीपीआर पर भारत के आर्थिक हितों को प्रभावित करने के लिए विदेशी फंडिंग का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। वहीं, एफसीआरए लाइसेंस रद्द करने को लेकर थिंक टैंक का कहना है कि यह उसकी 'समझ से बाहर' है और वह इसके खिलाफ कानूनी कदम उठाएगा। चिदंबरम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट की। इसमें उन्होंने लिखा कि अगर स्वतंत्र शोध और विचार आर्थिक नीतियों में कमियों की ओर इशारा करते हैं, तो यह देश के लिए अच्छा है। मैं तो कम से कम यही सोचता हूं। लेकिन, सरकार सोचती है कि इस तरह के शोध और विचारों से भारत के आर्थिक हितों को नुकसान पहुंचता है। भारत के आर्थिक हितों का आखिरी जज कौन है? सरकार या जनता?

### ईडी के चौथे समन पर भी पेश नहीं हुए दिल्ली के सीएम

# मुझे प्रचार-प्रसार करने से रोकना भाजपा का असली मकसद: अरविंद केजरीवाल

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय (ED) की ओर से चौथी बार समन भेजा गया था। लेकिन, केजरीवाल गुरुवार को भी पेश नहीं हुए। सीएम केजरीवाल ने इस समन को गैरकानूनी करार देते हुए दावा किया कि यह उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए रची गई एक राजनीतिक साजिश का हिस्सा है। समन के जवाब में, केजरीवाल ने कहा कि वह दिल्ली के लिए बजट की तैयारियों में व्यस्त



हैं। 15 फरवरी से शुरू होने वाले सत्र में दिल्ली का बजट विधानसभा में पेश किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने ईडी पर अपने पत्र में अपमानजनक भाषा का उपयोग करने का भी आरोप लगाया और कहा कि यह मुख्यमंत्री के संवैधानिक पद के प्रति आपके (ईडी) अनादर और मामले में आपके पूर्व निर्धारित इरादे को प्रदर्शित करता है।

सूत्रों ने बताया कि इससे पहले दिन में, केजरीवाल ने दिल्ली सरकार के शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह में भाग लिया और फिर लोकसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) की तैयारियों का जायजा लेने के लिए अपने तय कार्यक्रम के अनुसार गोवा के लिए रवाना हो गए। बता दें कि अरविंद केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में सबसे पहले 2 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। तब वह मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार का हवाला देते हुए पूछताछ में शामिल नहीं हुए। इसके बाद 21 दिसंबर को उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया। वहीं 3 जनवरी को भी उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया लेकिन वह नहीं पहुंचे।

इसके बाद ईडी ने चौथा समन भेज उन्हें 18 जनवरी को पूछताछ के लिए पेश होने को कहा। अब अरविंद केजरीवाल को 5वां नोटिस भेजा गया है।

### हाई कोर्ट ने रैली पर रोक लगाने से किया इनकार

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन बंगाल में ममता की सद्भावना रैली

एजेंसी | कोलकाता

22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सद्भावना रैली के आयोजन से पश्चिम बंगाल की राजनीति में हलचल मच गई है।

कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने रैली पर रोक लगाने की भाजपा द्वारा दायर जनहित याचिका को खारिज कर दी है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने तृणमूल सद्भावना रैली को सशर्त इजाजत दे दी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के दिन बंगाल में सद्भावना रैली का आह्वान किया है। कहा गया है कि कोलकाता के अलावा सभी जिलों के ब्लॉकों में मार्च निकाला जाएगा। विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी ने जुलूस पर आपत्ति जताते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने सशर्त अनुमति दे दी। इस दिन मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम ने कहा कि सद्भावना रैली के दौरान किसी भी भाषण से धार्मिक भावनाएं आहत नहीं होनी चाहिए। हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को निर्देश दिया कि रैली के दौरान शांति बनी रहे। कोर्ट ने राज्य में अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती को



लेकर याचिकाकर्ता और पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के अनुरोध पर कोई आदेश पारित नहीं किया।

#### टीएमसी और भाजपा आमने-सामने

गौरतलब है कि ममता बनर्जी ने कोलकाता के हाजरा से पार्क सर्कस तक सद्भावना रैली निकालने का ऐलान किया है। जुलूस में मुख्यमंत्री खुद उपस्थित रहेंगी। अब इस जुलूस को लेकर टीएमसी और भाजपा के बीच राजनीतिक खींचतान शुरू हो गई है। बता दें कि ममता बनर्जी सबसे पहले कालीघाट स्थित काली मां की पूजा करेंगी और फिर अपनी यात्रा शुरू करेंगी। उसने पहले ही घोषणा कर दी थी कि वह पार्क सर्कस के रास्ते में मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च भी जाएंगी। यह यात्रा उनकी सर्वधर्म सद्भावना की रैली होगी। जब राम मंदिर के उद्घाटन को अवसर पर पूरे देश में समारोह हो रहा है। उसी दिन ममता की रैली को लेकर बीजेपी ने सवाल उठाया है। बीजेपी का मानना है कि ममता बनर्जी जानबूझकर उस दिन कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा करने की कोशिश कर रही हैं। बीजेपी प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा कि बंगाल सरकार का सांप्रदायिक हिंसा से निपटने का खराब रिकॉर्ड रहा है। भट्टाचार्य ने कहा, "इससे पहले हमने रामनवमी शोभायात्रा के दौरान राज्य को सांप्रदायिक दंगों में घिरते देखा है।"

#### नेताओं का नहीं धर्माचार्यों का काम

ममता बनर्जी ने 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर कहा कि ये धमाचार्यों का काम है न कि नेताओं का। हमारा काम बुनियादी ढांचा तैयार करना है। 22 जनवरी को मैं कालीघाट मंदिर जाऊंगी और पूजा करूंगी। फिर मैं सभी धर्मों के लोगों को एक साथ लेकर एक सद्भावना रैली निकालूंगी। इसका किसी दूसरे कार्यक्रम से कोई लेना-देना नहीं है। इसके बाद हम हाजरा से पार्क सर्कस मैदान तक एक अंतरधार्मिक रैली करेंगे।

#### कौन-कौन नहीं होगा शामिल

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी अस्वीकार कर चुके हैं। पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने बयान जारी कर कहा था कि समारोह का इस्तेमाल बीजेपी चुनावी फायदे के लिए कर रही है। इसके अलावा सीताराम येचुरी भी समारोह में शामिल भी नहीं होंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्राण प्रतिष्ठा' कार्यक्रम को मोदी और आरएसएस का कार्यक्रम बना दिया ।

## जरूरी खबर

### जन्म तिथि के लिए प्रूफ के तौर पर आधार मान्य नहीं

**नई दिल्ली।** श्रम मंत्रालय के अंतर्गत कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ईपीएफओ ने आधार कार्ड को लेकर एक बड़ा निर्णय लिया है। ईपीएफओ में किसी भी कार्य के लिए अब जन्म तिथि के प्रूफ के तौर पर आधार कार्ड की मान्यता खत्म कर दी गई है। मतलब, अब आधार कार्ड का इस्तेमाल, जन्म तिथि को अपडेट कराने या उसमें किसी त्रुटि को ठीक कराने के लिए नहीं हो सकेगा। ईपीएफओ ने आधार कार्ड को अपने मान्य दस्तावेजों की सूची से बाहर कर दिया है। इसके बाद आधार कार्ड को ईपीएफओ के मान्य दस्तावेजों की लिस्ट से हटा दिया गया है।

### एलओसी पर बारूदी सुरंग फटी, एक जवान शहीद



**जम्मू।** जम्मू संभाग के जिला राजोरी के नौशेरा में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम इलाके में बारूदी सुरंग में विस्फोट हो गया। इससे एक जवान की मौत हो गई और दो घायल हो गए। यह विस्फोट उस समय हुआ जब जवान अग्रिम इलाके में गश्त पर थे। हादसे की सूचना मिलते ही तुरंत अन्य जवान मौके पर पहुंचे। उपचार के लिए घायल को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। पंजाब के जिला लुधियाना के निवासी अग्निवीर अजय सिंह शहीद हो गए। सिपाही बलवंत को चोटें आईं हैं, जिनका इलाज उधमपुर में जारी है। नायब सुबेदार धरमिंदर सिंह को हल्की चोटें आई हैं।

### अब 6 फरवरी को होंगे चंडीगढ़ मेयर चुनाव

**नई दिल्ली।** पंजाब और हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ के नगर निगम मेयर के चुनाव को स्थगित कर दिया गया है। चुनाव की नई तारीख भी घोषित कर दी गयी है। अब 6 फरवरी को चुनाव होंगे। 18 जनवरी को होने वाले मेयर के चुनाव को टालने का कारण पीठासीन अधिकारी का बीमार होना बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार चुनाव अधिकारी अनिल मसीह बीमार हो गए हैं और इस वजह से मेयर चुनाव को टाला दिया गया है। इस साल महापौर की सीट अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के लिए सुरक्षित है।

## मणिपुर: दो गुटों के बीच गोलीबारी... महिलाओं ने विरोध में निकाली रैली



*इंफाल। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में दो संघर्षरत समुदायों के बीच गोलीबारी में एक ग्रामीण स्वयंसेवक की मौत हो गई। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गोलीबारी बुधवार रात तब हुई जब संदिग्ध उग्रवादियों ने आसपास के पहाड़ी इलाकों से कांगचुप पर हमला कर दिया, जिसके बाद निचले इलाकों में ग्रामीण स्वयंसेवकों को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। स्वयंसेवक की मौत के बाद बड़ी संख्या में महिलाओं ने राज्य में हिंसा के विरोध में गुरुवार को इंफाल में एक रैली निकाली और अंतर-एजेंसी एकीकृत कमान के अध्यक्ष को हटाने की मांग की।*

### आत्मसमर्पण के लिए पांच दोषियों ने मांगा समय



**नई दिल्ली।** बिलकिस बानो मामले के पांच दोषियों ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय से आत्मसमर्पण करने के लिए और समय मांगा है। सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में गुजरात सरकार द्वारा सजा में दी गई छूट को रद्द कर दिया था। साल 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया था और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। गुजरात सरकार ने इस हाईप्रोफाइल मामले के ग्यारह दोषियों को सजा में छूट दी थी। लेकिन, शीर्ष अदालत ने आठ जनवरी को इसे रद्द कर दिया था। इसके अलावा, अदालत ने राज्य सरकार को फटकार लगाते हुए कहा था कि उसकी एक आरोपी के साथ मिलिभगत थी।

### यमन के पास अदन की खाड़ी में समुद्री लुटेरे का हमला

# जहाज पर फिर ड्रोन से अटैक नौसेना ने दिया मुंहतोड़ जवाब

**एजेंसी** | नई दिल्ली

अरब सागर में यमन के पास एक बार फिर से एक जहाज को निशाना बनाया गया है। इस बार जहाज पर ड्रोन से अटैक हुआ है। इसके बाद जहाज में आग भी लग गई। हालांकि बाद में इस पर काबू पा लिया गया। भारतीय नौसेना ने एक बयान में कहा कि मार्शल आइलैंड के झंडे वाले इस व्यापारिक जहाज- एमवी जेनको पिकार्डी से एसओएस कॉल (संकट के समय की जाने वाली कॉल) प्राप्त हुई। इस पर समुद्र में तैनात वॉरशिप INS विशाखापट्टनम को नौसेना की ओर से जहाज को रेस्क्यू करने भेजा गया।

अदन की खाड़ी में हमले के खतरे से जुड़ी कॉल पर तत्काल जवाब देते हुए नौसेना ने करीब एक घंटे बाद संकट में फंसे व्यापारिक जहाज को खोज निकाला। नौसेना ने नौ भारतीयों सहित 22 चालक दल के बचाव के लिए लुटेरों को मुहतोड़ जवाब दिया। बता दें कि भारतीय नौसेना ने आईएनएस

#### INS विशाखापत्तनम ने पहुंचाई तत्काल मदद



विशाखापत्तनम को समुद्री डकैती रोधी अभियान के लिए अदन की खाड़ी में मिशन के तहत तैनात किया है।

समुद्र में जहाजों पर हूतियों और लुटेरों के हमलों ने कई देशों की टेंशन बढ़ी है।



#### हमले के बाद जहाज में लगी आग

जानकारी के मुताबिक, बुधवार रात जिस जहाज पर ड्रोन अटैक हुआ है, उसमें मार्शल आईलैंड का फ्लैग लगा था। भारतीय नौसेना का कहना है कि हमला रात करीब 11 बजे हुआ था। जहाज पर कुल 22 क्रू मेंबर्स सवार थे, इनमें 9 भारतीय नागरिक शामिल थे। हमले में किसी को नुकसान नहीं पहुंचा है। भारतीय नौसेना ने ड्रोन हमले के बाद MV जेनको पिकार्डी शिप से इमरजेंसी अलार्म मिलने पर एक्शन लिया है। ड्रोन हमले के कारण जहाज में आग लग गई थी।

### महिला उद्यमियों से मिलीं राष्ट्रपति

## एक साथ भारत निर्माण का लें संकल्प: मुर्मू



**एजेंसी** | नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिला उद्यमियों से अन्य उद्यमशील महिलाओं की पहचान करने और उनकी मदद करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कई महिलाएं है जो आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने का सपना देखती है, लेकिन उन्हें अपने लक्ष्य तक पहुंचने का रास्ता मालूम नहीं होता है। राष्ट्रपति भवन में कई स्टार्टअप की महिला संस्थापकों और उप-संस्थापकों से राष्ट्रपति मुर्मू ने बातचीत की। उन्होंने उन महिलाओं से कहा कि उनकी इस कामयाबी से एक लहर पैदा होनी चाहिए, जिससे कि हम पूरे देश में इस तरह की सफलता की कहानियां सुन सकें। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, हमें भारत के निर्माण के लिए एकसाथ होकर काम करने का संकल्प लेना चाहिए। हमें एक ऐसे भारत का निर्माण करना चाहिए, जहां प्रत्येक महिलाएं आत्मनिर्भर हो। लोगों के साथ राष्ट्रपति पहल के साथ गुरुवार को इस बैठक को आयोजित किया गया। इसका लक्ष्य लोगों के साथ गहरा संबंध स्थापित करना और उनके योगदान को पहचानना है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, 'इन महिला उद्यमियों ने भारतीय कारोबार के रुख ही बदलकर रख दिया है। उनका योगदान केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं है। उन्होंने पारंपरिक प्रतिबंधों को तोड़कर भविष्य को सशक्त बनाने का रास्ता दिखाया है। वे केवल व्यापारिक नेता नहीं है। वे लाखों युवा महिलाओं के लिए एक आदर्श है।' राष्ट्रपति मुर्मू ने इन महिलाओं के योगदानों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इन महिलाओं की उपलब्धियां लोगों खासकर महिलाओं और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## महुआ को हाईकोर्ट ने दिया झटका

**एजेंसी** | नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की नेता और पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा को दिल्ली हाईकोर्ट से झटका लगा है। महुआ ने सरकारी बंगला खाली कराने के नोटिस को अदालत में चुनौती दी थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट ने महुआ की याचिका खारिज करते हुए कहा कि मोइत्रा को इस बंगले में रहने



का अधिकार नहीं है, क्योंकि उन्हें संसद की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया है। बता दें कि ऐसा दूसरी बार हुआ है, जब महुआ ने सरकारी बंगले खाली कराने के नोटिस को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया था। दरअसल, संपदा निदेशालय की ओर से टीएमसी नेता को मंगलवार को सरकारी बंगला खाली करने के लिए बेदखली का नोटिस जारी हुआ था। जिसके बाद तृणमूल कांग्रेस की नेता और पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

## भारत में सबसे बड़ा निवेश करेगी बोइंग

#### बेंगलुरु में 1600 करोड़ से बनेगा इंजीनियरिंग सेंटर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर के लिए भारत अब दुनिया की पहली पसंद बनता जा रहा है। अब दुनिया की सबसे बड़ी एयरक्राफ्ट कंपनियों में से एक बोइंग भी भारत में निवेश कर



रही है। बोइंग अमेरिका के बाहर अपना अब तक का सबसे बड़ा निवेश भारत में करने जा रही है। कंपनी बेंगलुरु में एक इंजीनियरिंग सेंटर स्थापित करेगी जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करने वाले हैं। बोइंग एक मल्टीनेशनल कॉरपोरेशन है। इसका मुख्यालय शिकागो में है। कंपनी के दुनियाभर में करीब 153,000 कर्मचारी हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 जनवरी को बोइंग के नए अत्याधुनिक वैश्विक इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी सेंटर का उद्घाटन करेंगे। यह कॉम्प्लेक्स केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास बेंगलुरु के बाहरी इलाके देवनहल्ली में है। बोइंग भारतीय एविएशन सेक्टर में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए एक कार्यक्रम भी शुरू करने जा रहा है। पीएम मोदी इसकी भी शुरुआत करेंगे। इस कैंपस पर कंपनी 1600 करोड़ रुपए निवेश करने जा रही है। ये कैंपस लगभग 43 एकड़ में फैला होगा।

### दोपहर से ही शुरू हो गए थे अनुष्ठान

# रामलला ने मंदिर में किया भ्रमण, गर्भगृह में हुए विराजमान




**एजेंसी** | अयोध्या

अयोध्या में बने भव्य श्रीराम मंदिर के गर्भगृह में रामलला अपने आसन पर विराजमान हो गए हैं। उनकी अचल मूर्ति को बुधवार देर रात गर्भगृह में पहुंचा दिया गया था। इसके लिए जरूरी कर्मकांड गुरुवार दोपहर से ही शुरू कर दिए गए थे। कर्मकांड की शुरुआत गणेश पूजन के साथ हुई। पहले भगवान गणेश का आह्वान किया जाता है। इसी मान्यता के चलते गणेश पूजन व अंबिका पूजन के साथ अनुष्ठान शुरू हुआ। पूजन के क्रम में ही भगवान रामलला के अचल विग्रह को पवित्र नदियों के जल से स्नान कराया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न औषधियों से भी स्नान कराया जाएगा। इसके पहले बुधवार को रामलला की चांदी की प्रतिमा को राममंदिर परिसर का भ्रमण कराया गया। पहले रामलला की अचल मूर्ति को जन्मभूमि परिसर में भ्रमण कराने की योजना थी, लेकिन सुरक्षा कारणों और मूर्ति का वजन अधिक होने के कारण परिसर भ्रमण की रस्म रामलला की छोटी रजत प्रतिमा से पूरी कराई गई।

#### प्रतिमा पर पुष्पवर्षा की

10 किलो वजनी चांदी की प्रतिमा को मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्रा ने पालकी पर विराजमान कर नगर का भ्रमण कराया। इस बीच मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजता रहा। आचार्यों, मंदिर निर्माण में लगे इंजीनियरों व सुरक्षाकर्मियों ने प्रतिमा पर पुष्पवर्षा की। विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक मंडल के सदस्य दिनेश चंद्र व डॉ। अनिल ने रामलला की रजत प्रतिमा का पूजन किया। इसके बाद निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास और पुजारी सुनील दास ने गर्भगृह में सिंहासन की पूजा की।



#### 22 को केंद्र कर्मियों की आधे दिन की छुट्टी

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के केंद्र सरकार ने सरकारी दफ्तरों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए एक विशेष घोषणा की है। 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सरकारी कर्मियों की भावनाओं को देखते हुए दोपहर ढाई बजे तक सभी केंद्रीय दफ्तरों में अवकाश का एलान किया है। इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इस आदेश में कहा गया कि कर्मचारियों की भारी भावना और उनके अनुरोध के कारण केंद्र सरकार ने आधे दिन की छुट्टी का ऐलान किया है।

#### पीएम मोदी ने जारी किया स्पेशल डाक टिकट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अयोध्या के राम मंदिर पर स्मारक डाक टिकट और दुनिया भर के देशों द्वारा जारी भगवान राम को समर्पित टिकटों की एक पुस्तक जारी की। टिकटों के डिजाइन के घटकों में राम मंदिर, चौपाई 'मंगल भवन अमंगल हारी', सूर्य, सरयू नदी और मंदिर में और उसके आसपास की मूर्तियां शामिल हैं। आज जारी किए गए छह स्मारक टिकटों में अयोध्या में राम मंदिर, भगवान गणेश, भगवान हनुमान, जटायु, केवटराज और मां शबरी शामिल हैं। ये सभी भगवान राम की कथा से जुड़े प्रमुख व्यक्ति और प्रतीक हैं। टिकटों पर चित्रित सूर्य की किरणों और चौपाई का वर्णन करने वाली सोने की पत्ती का उपयोग टिकटों को एक राजसी स्पर्श देता है। पांच भौतिक तत्व यानी आकाश, वायु, अग्नि, पृथ्वी और जल, जिन्हें 'पंचभूत' के रूप में जाना जाता है, विभिन्न डिजाइन तत्वों के माध्यम से परिलक्षित होते हैं और सभी अभिव्यक्तियों के लिए आवश्यक पंचमहाभूतों का पूर्ण सामंजस्य स्थापित करते हैं।



## जयपुर फैशन एक्सपो-2024 की पार्टी में झूमे गारमेंट क्लब के मेंबर्स

# नव वर्ष स्नेह मिलन में लाइव म्यूजिक पर सक्सेस का जश्न





फोटो: पंकज शर्मा

बेधड़क | जयपुर

मेहनत के बाद जब सफलता मिली तो हर कोई उत्साहित नजर आया और फिर शुरू हुआ सक्सेस को एंजॉय करने का दौर। देर रात तक सभी जश्न में डूब रहे और गेट-टू-गेदर करते हुए लाइव म्यूजिक को एंजॉय किया। मौका था जयपुर फैशन एक्सपो-2024 की सक्सेस पार्टी और न्यू ईयर मिलन समारोह का, जिसमें लाइव म्यूजिक खास रहा। एंटरटेनमेंट पैराडाइज में हुए आयोजन में जयपुराइट्स के साथ एक्सपो के पदाधिकारियों ने डांस करते हुए जश्न मनाया। जयपुर गारमेंट क्लब के मेंबर्स के साथ कई बिजनेस पर्संस ने प्रोग्राम में शिरकत की।

### बॉलीवुड सितारों से सजी शाम

गौरतलब है कि एक्सपो का आयोजन जयपुर में किया गया था, जिसमें बॉलीवुड सितारों की शाम भी सजाई गई थी। एक्ट्रेस तारा सुतारिया और सिंगर गुरु रंधावा ने शिरकत की थी। तारा ने स्टेज पर सम्मान भी दिया था। उसी की सक्सेस को मैंबर्स और अन्य लोगों ने जयपुराइट्स के साथ सेलिब्रेट करने और नए साल के स्नेल मिलन प्रोग्राम को करने के लिए पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें म्यूजिक और फूड खास रहे।

### एक्सपो 2025 के पोस्टर का किया विमोचन

मीडिया प्रभारी मोहित टेलर ने बताया कि जयपुर गारमेंट क्लब के अध्यक्ष दीपक जैन और सेकेटेरी अशोक गुप्ता ने आगामी एक्सपो 2025 के पोस्टर का विमोचन किया।

## 'मूर्धन्य साहित्य सृजक' भेंट



**बेधड़क. जयपुर।** साहित्यिक संस्था शब्द संसार जयपुर के अध्यक्ष व साहित्यकार श्रीकृष्ण शर्मा की सृजित पुस्तक मूर्धन्य साहित्य सृजक राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र को भेंट की गई। मिश्र ने पुस्तक का अवलोकन किया और इसकी विषय वस्तु की सराहना करते हुए हिन्दी साहित्य के उन्नयन की कामना की। इस अवसर पर मौजूद भाषाविद डॉ. नरेन्द्र शर्मा कुसुम ने पुस्तक में वर्णित देश के लब्ध प्रतिष्ठ कवियों के लोकप्रिय गीतों को उद्धरित करते हुए बताया कि आज ऐसे गीतों की गति मंद हो गई है। स्तंभकार ललित शर्मा अकिंचन ने लेखक और भाषाविद डॉ. कुसुम का परिचय दिया। गौरतलब है कि पुस्तक में सर्वश्री बालस्वरूप राही, उदयभानु हंस, डॉ. ताराप्रकाश जोशी, गीतकार गुलजार, कन्हैयालाल सेठिया, रामनाथ कमलाकर, डॉ. नरेन्द्र शर्मा कुसुम, डॉ. गार्गी शंकर मिश्र 'मराल, वीर सक्सेना, गोपालदास मुदगल, डॉ. मूलचन्द्र पाठक और शायर डॉ. फराज हामिदी जैसे साहित्यकारों की रचनाएं शामिल की गई हैं।

## संस्कृति सेतु उत्सव कल से

**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से कला संसार मधुरम में 20-21 जनवरी को संस्कृति सेतु उत्सव का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन शनिवार को शाम 4:30 बजे कृष्णायन में संवाद प्रवाह होगा। 'राम अविराम' सत्र में साहित्यकार पद्मश्री (डॉ.) चंद्र प्रकाश देवल साहित्य में राम भाव पर चर्चा करेंगे। शिक्षाविद डॉ. विशाल विक्रम सिंह मॉडरेटर रहेंगे। इसके बाद शाम 5:45 बजे से रजनी आचार्य के निर्देशन में बिसाऊ की प्रसिद्ध मूक रामलीला पर तैयार फिल्म की स्क्रीनिंग की जाएगी। मूक रामलीला ने बिसाऊ की गलियों से विश्वपटल का रास्ता तय किया है। पारम्परिक वेश-भूषा में तैयार मुखौटे लगाए पात्र अभिनय से भावों को प्रदर्शित करते हैं। उत्सव के दूसरे दिन रविवार को रंगायन में शाम 6:30 बजे सुमिरन में पंडित प्रशांत मल्लिक और निशांत मल्लिक ध्रुवपद गायन की प्रस्तुति देंगे। गौरव शंकर उपाध्याय पखावज पर संगत करेंगे।

## अयोध्या थीम पर सजेगा मंदिर

**बेधड़क. जयपुर।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर गुलाबी नगरी के राम भक्तों में उत्साह है। इसी को लेकर पूर्व संध्या पर अंबाबाड़ी स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में रविवार शाम को 5 से 7 बजे तक दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अयोध्या के मंदिर का प्रारूप मदिर प्रांगण में रखा जाएगा। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार गुप्ता अनुपम ने बताया कि 7:15 बजे महाआरती होगी, जिसमें हजारों दीपक प्रज्वलित किए जाएंगे। कार्यक्रम का संयोजक आनंद गुप्ता, प्रतीक जैन, सूर्यकांत गडिया को बनाया गया है। मंदिर के पार्क को अयोध्या के राम मंदिर की थीम पर सजाया जाएगा और 108 झंडे लगाए जाएंगे।

# City इवेंट्स

### मंच पर दिखेगा 'बेवा' का संघर्ष




**बेधड़क. जयपुर।** रवींद्र मंच के 60 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती महोत्सव में कला व संस्कृति विभाग और रवींद्र मंच की ओर से टैगोर थिएटर योजना में नाटक बेवा का सशक्त मंचन शुक्रवार को होगा। यह एक मुस्लिम समुदाय की कहानी है, जिसमें बहु विवाह से उपजे मकान के विवाद में सौतेले भाइयों की हत्या से बेवा हुई सितारा की कहानी दर्शाई जाएगी। ज्यादा बच्चे हो और बेवा हो तो उसके जीवन कितना मुश्किल हो जाता है को भी दिखाया जाएगा। रवींद्र मंच की मैनेजर सोविला माथुर ने बताया कि नाटक का मंचन मिनी थिएटर में किया जाएगा।

### गुलाबी नगरी में इठलाएंगी विंटेज कारें

**बेधड़क, जयपुर।** गुलाबी नगरी की सड़कें एक बार फिर इतिहास दोहराएगी, क्योंकि कई किस्से-कहानियां समेटे इठलाती हुईं विंटेज कारें शहर की सड़कों पर होंगी। मौका होगा 24-25 फरवरी को विंटेज कार रैली का, जिसमें एक दिन एग्जीबिशन तो दूसरे दिन रैली का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान देश भर से आईं विंटेज कारें शहर में होंगी। आयोजन को लेकर शनिवार को अशोक क्लब में एक बैठक आयोजन किया जाएगा, जिसमें रैली से जुड़े पदाधिकारी पूरी रूप रेखा तैयार करेंगे।

### श्रीराम वंदना महोत्सव का शुभारंभ




**बेधड़क, जयपुर।** अयोध्या में होने वाले श्रीराम मंदिर मूर्ति प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में स्वामिनारायण अक्षरधाम मंदिर में 5 दिवसीय उत्सवों की श्रृंखला "श्रीराम वंदना महोत्सव" का आयोजन किया जा रहा है। आकर्षक रोशनी से सजे मंदिर में आयोजनों की श्रृंखला का शुभारंभ कलश यात्रा व संगीतमय रामकथा से हुआ। मंदिर के संगीतज्ञ संत पूज्य योगीप्रेम स्वामी के मधुर कंठ से त्रि-दिवसीय संगीतमय रामकथा का आयोजन चल जा रहा है। इसी श्रृंखला में रविवार शाम 5 बजे से 7 बजे तक मंदिर में विशिष्ट श्रीराम वंदना सत्संग व महाआरती का आयोजन होगा। इस 5 दिवसीय महोत्सव की पूर्णाहुति सोमवार को अयोध्या में श्रीराम मंदिर की मूर्ति प्रतिष्ठा विधि के साथ होगी। इस दौरान श्रीराम मंदिर में मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा विधि का जीवंत प्रसारण मंदिर में किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में मंदिर में आगंतुकों के लिए पौषबड़ा प्रसादी का आयोजन होगा।

## पोस्टर का विमोचन, 22 को होगा राम तारक यज्ञ

# श्रीकृष्ण-बलराम मंदिर में गूंजी राम कथा, राममय हुआ माहौल



बेधड़क | जयपुर

जयपुर के जगतपुरा स्थित श्रीकृष्ण बलराम मंदिर राममय हो गया है। मंदिर में राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार से 28 जनवरी तक राम कथा का आयोजन होगा।

कथा रोजाना शाम 5:30 से 7:30 बजे तक होगी। कथा में नारदजी का वाल्मीकि को संक्षेप से श्रीराम चरित्र सुनाना, देवताओं का श्रीहरि से रावण वध के लिए मानव रूप में आने को कहना, ब्रह्माजी की प्रेरणा से देवताओं द्वारा वानरों की उत्पत्ति, श्रीराम भक्त हनुमान की उत्पत्ति, अंजना, केसरी, वाली, सुग्रीव की उत्पत्ति, राम सेतु का निर्माण, सुमेरु पर्वत को उठाने का प्रयास, राम भक्त हनुमान जी द्वारा उपकृत गोवर्धन, महि रावण माया प्रकरण, प्रभु श्रीराम और रावण का युद्ध, हनुमानजी के चरण प्रहार से राजा सुबाहु का उद्धार आदि का कथाओं का वर्णन किया जाएगा। साथ ही 22 जनवरी को राम तारक यज्ञ का किया जाएगा। मंदिर अध्यक्ष अमितासन दास ने बताया कि मंदिर प्रबन्धन ने इसके लिए खास तैयारियां की हैं।

## दीपोत्सव में बॉलीवुड सिंगर्स करेंगे परफॉर्म

# 300 ड्रोन एक साथ उड़ेंगे, हवा में बनाएंगे श्रीराम की प्रतिकृति



बेधड़क | जयपुर

श्री धर्म फाउंडेशन ट्रस्ट, नगर निगम ग्रेटर जयपुर व जयपुर व्यापार महासंघ की ओर से सोमवार को रामनिवास बाग स्थित अल्बर्ट हॉल पर श्रीराम लला दीपोत्सव पर्व मनाया जाएगा। फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष सुधीर जैन गोधा ने बताया कि कार्यक्रम के लिए अल्बर्ट हाल परिसर में बंगाल से आए 150 कारीगरों द्वारा 35 फीट ऊंचे राम मंदिर का निर्माण किया जा रहा है।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण ड्रोन शो होगा, जसके तहत 300 ड्रोन आकाश में एक साथ उड़ेंगे और हवा में भगवान श्रीराम की प्रतिकृति बनाएंगे। सार्वजनिक स्थान पर इस प्रकार का आयोजन पहली बार हो रहा है, जिसे 3 से 4 किमी तक की दूरी से लोग देख सकेंगे। ट्रस्ट महासचिव गब्बर कटारा ने बताया, कि गौरव जैन, शिखा जैन, सीमा मिश्रा और रवींद्र उपाध्याय राजस्थानी गीतों की प्रस्तुतियां देंगे। इस अवसर पर पूरे रामनिवास बाग में कन्नौज के विशेष इत्र का छिड़काव किया जाएगा।

**बैठक** | पीडीकेएफ ने समान विचारधारा वाले गैर सरकारी संगठनों के साथ किया विमर्श

# महिलाओं के उत्थान व सशक्तीकरण पर राउंड टेबल चर्चा

बेधड़क | जयपुर

पीडीकेएफ की महासचिव गौरवी कुमारी के नेतृत्व में सिटी पैलेस में सामाजिक और गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) की एक अनौपचारिक राउंड टेबल चर्चा आयोजित की गई। इस दौरान गौरवी कुमारी ने कहा कि इसका उद्देश्य यह जानना था कि महिलाओं की बेहतरी के लिए विभिन्न संगठन किन-किन क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पीडीकेएफ भी समय-समय पर उनकी संबंधित पहल में शामिल होना चाहेगा।



### सामने आए ऑन गोइंग प्रोजेक्ट

प्रत्येक संगठन के प्रतिनिधियों ने अपने 'ऑन गोइंग प्रोजेक्ट्स' के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की और साथ ही अपने कार्य क्षेत्र की रूपरेखा बताई। कई सुझाव भी इस मौके पर सामने आए, जिन पर काम करने की बात की गई।

### इन क्षेत्रों पर हो रहा काम

गौरतलब है यह सभी संगठन महिलाओं की आजीविका, स्वास्थ्य और विकास, मासिक धर्म स्वच्छता, शिक्षा और यहां तक कि महिला ड्राइवरों को न केवल ऑटो रिक्शा, बल्कि ट्रकों के लिए प्रशिक्षण देने के क्षेत्र में कार्य करते हैं।

### इन्होंने लिया हिस्सा

मीटिंग में हिस्सा लेने वाले संगठनों में नया सवेरा, वी केयर, आजाद फाउंडेशन, आंचल चाइल्ड होम्स, सक्षम, ऑल इंडिया वेलफेयर सोसायटी, प्रवीण लता संस्थान, एसके फाउंडेशन, निवाला कमला बाई चैरिटेबल ट्रस्ट, पिंक सिटी रिक्शा कंपनी सहित अन्य शामिल थे। सबने पीडीकेएफ के साथ काम करने पर सहमति दी। इससे पहले पीडीकेएफ की महाप्रबंधक दीप्ति सिंह ने संगठन की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर एमएसएमएस-II संग्रहालय की कार्यकारी ट्रस्टी रमा दत्त भी उपस्थित रहीं।

समस्या का अंतिम हल क्षमा ही है, या तो मांग लेनी चाहिए या कर देना चाहिए।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## पाकिस्तान का IRAN पर पलटवार: ईरान का दावा- हमले में 4 बच्चों समेत 9 की मौत

# AIRSTRIKE के जवाब में 'ऑपरेशन सरमाचर'



**एजेंसी** | इस्लामाबाद

ईरान की ओर से बलूचिस्तान में आतंकी संगठन जैश अल-फदल के ठिकाने तबाह किए जाने से बौखलाए पाक ने अब जवाबी कार्रवाई की है। पाकिस्तान ने बुधवार रात ईरान की सीमांत इलाकों में अटैक किए।

पाक का कहना है कि इस कार्रवाई में बलूच आतंकी मारे गए। वहीं ईरान का कहना है कि इस हमले में कोई आतंकी नहीं मरा है बल्कि 9 लोगों की मौत हुई है। ये सभी गैर-ईरानी हैं और दूसरे देशों के रहने वाले हैं। ईरान का कहना है कि पाकिस्तान ने उसके सीमांत इलाके सारावान में अटैक किया है।

### गुरिल्ला लड़ाकों का खात्मा

पाकिस्तान का कहना है कि उसने ऑपरेशन 'मार्ग बार सरमाचार' लॉन्च किया है। इसके तहत वह दुश्मनों को नेस्तनाबूद कर रहा है। दरअसल 'मार्ग बार सरमाचार' बलोच भाषा का शब्द है। इसका अर्थ है- गुरिल्ला लड़ाकों का खात्मा। ईरानी सीमा में हमले के बाद पाकिस्तान की सरकार और सेना अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। उनका कहना है कि हमने 48 घंटे के भीतर ही ईरान को जवाब दे दिया है। उससे पहले ईरान ने बलूचिस्तान के सीमांत कस्बे पंजगुर में अटैक किए थे। उसका कहना था कि इन हमलों में उसने आतंकी संगठन जैश अल-फदल के दो ठिकाने तबाह किए हैं।

### दो बलूच आतंकी ठिकानों पर हमले का दावा

पाक मीडिया के मुताबिक, एयरस्ट्राइक के जवाब में पाकिस्तान ने ईरान के दो बलूच आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया है। पाकिस्तान ने बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी को आतंकी संगठन करार दिया और इन दोनों संगठनों की चौकियों पर हमला करने का दावा किया है। पाकिस्तान का आरोप है कि बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ईरान में रहकर पाकिस्तान के खिलाफ साजिश रचते हैं और हमले करते हैं। ईरान ऐसे संगठनों को शरण देता और अपनी जमीन पाकिस्तान के खिलाफ इस्तेमाल करने में उनकी मदद करता है। हालांकि ईरान हमेशा पाकिस्तान के इन दावों को खारिज करता आया है।

## पीएम के नेतृत्व में भारत ने हासिल की असाधारण उपलब्धियां

# हिंदू राष्ट्रवाद से हमें कोई खतरा नहीं: अमेरिका

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने दावोस में चल रहे वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में भारत की तारीफ की। ब्लिंकन ने हिंदू राष्ट्रवाद से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि अमेरिका ने भारत के सामने इस मुद्दे को उठाया है।

भारत के साथ डिप्लोमैटिक लेवल पर हिंदू राष्ट्रवाद के विषय पर कई बार बातचीत हुई है। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच लोकतंत्र और मानवाधिकार के मुद्दे पर भी चर्चा की गई है। जब उनसे पूछा गया कि क्या हिंदू राष्ट्रवाद से अमेरिका को खतरा है तो इससे साफ तौर पर इनकार किया।





### भारत से लोकतंत्र के मुद्दे पर होती है खुली बातचीत

ब्लिंकन ने कहा कि लोकतंत्र और मानवाधिकारों का मुद्दा अमेरिका की विदेश नीति के लिए अहम है। राष्ट्रपति बाइडेन ने पद संभालने के बाद से लगातार इन मुद्दों को विभिन्न देशों के सामने उठाया है। हर देश के सामने अमेरिका अलग अलग तरकों से इन अहम मुद्दों पर चर्चा करता है। जिन देशों के साथ हमारे साथ संबंध अच्छे हैं, उनके साथ खुल कर इस पर बात होती है। भारत एक ऐसा देश है जिसके साथ हम लोकतंत्र और मानवधिकार जैसे अहम मुद्दों पर खुलकर बातचीत करते हैं। हमारे बीच हमेशा

### भारत ने सफलता की असाधारण कहानी गढ़ी

ब्लिंकन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने सफलता की असाधारण कहानी गढ़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और उनके द्वारा शुरू किए गए कार्यक्रमों का भारत के लोगों पर सकारात्मक असर हुआ है। राष्ट्रपति बाइडेन और प्रधानमंत्री मोदी के बीच काफी अच्छे संबंध हैं। दोनों नेताओं के बीच भारत-अमेरिका के संबंधों को मजबूत करने के साथ ही विभिन्न पहलूओं पर बातचीत होती है। इनमें मानवाधिकार और लोकतंत्र की मूलभूत चिंताओं जैसे विषय शामिल होते हैं।

### भारत-अमेरिका के बीच संबंध हुए हैं बेहतर

ब्लिंकन ने कहा कि बीते कुछ सालों में भारत और अमेरिका के संबंध में पहले से बेहतर हुए हैं। दोनों देशों के बीच संबंध एक नई ऊंचाई पर पहुंचे हैं। यह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति क्लिंटन की सकारात्मक सोच के कारण संभव हुआ है। दो दिन पहले भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने भी भारत की तारीफ की थी। एरिक ने कहा था कि अब भारत सिर्फ एक बैक ऑफिस की तरह काम नहीं कर रहा। यह हेल्थ, टेक्नोलॉजी और ट्रेड समेत कई क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है।

## हादसे में तीन की मौत, 77 से ज्यादा लोग घायल

# नाइजीरिया में भीषण विस्फोट से तबाही

**एजेंसी** | अबुजा

नाइजीरिया के ओयो प्रांत में हुए भीषण विस्फोट में एक दर्जन से अधिक इमारतों के गिर जाने से तीन लोगों की मौत हो गई है, जबकि इस हादसे में 77 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

नाइजीरिया की वाणिज्यिक राजधानी लागोस से 130 किमी दूर इबादान में ये विस्फोट हुआ। विस्फोट के बाद इमारतों का मलबा चारों ओर फैला है, जिससे बचावकर्मी फंसे हुए लोगों की तलाश कर रहे हैं।

इमारतों के मलबे में और भी लोग फंसे हो सकते हैं। ऐसे में मरने वालों की संख्या बढ़ने का अंदेशा है। इबादान में घटनास्थल का दौरा करने वाले अधिकारियों ने शुरुआती जांच के बाद कहा कि ऐसा लगता है कि अवैध खनन करने के लिए यहां विस्फोटक जमा किया गया था, जिसमें किसी कारण से ये धमाका हुआ है।

जिसके नतीजे में इतनी बड़ी तबाही हुई है। ओयो के गवर्नर ने धमाके से हुए नुकसान को विनाशकारी बताते हुए कहा कि बचाव अभियान के लिए सभी संबंधित एजेंसियों को तैनात किया गया है।

उन्होंने कहा कि ये धमाके में घायल जिन 77 लोगों को अस्पताल में भर्ती किया गया था, उनमें से ज्यादातर को छुट्टी दे दी गई है।




## इंडोनेशिया सूटकेस मर्डर

# मां की कातिल को 26 साल की सजा

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अमेरिका से अक्सर दिल दहला देने वाले कत्ल के मामले सामने आते हैं। एक ऐसा ही मामला था अमीर महिला शीला वॉन विसे-मैक के मर्डर का। उसका कत्ल किसी और ने नहीं बल्कि उसकी खुद की बेटी ने अपने प्रेमी के साथ मिल कर किया था। 28 साल की हीदर मैक को इस मामले में 26 साल जेल की सजा सुनाई गई है। 2014 में बाली में हुई इस वारदात के आरोप में दोषी पाए जाने के बाद हीदर को अपनी मां की हत्या करने और उसके शव को सूटकेस में भरने में मदद करने के जुर्म में 26 साल जेल की सजा सुनाई गई। हीदर को 2015 में इंडोनेशिया में दोषी ठहराया गया था और 10 साल जेल की सजा सुनाई गई थी, लेकिन 2021 में



रिहा कर दिया गया था। उसके बाद अमेरिका पहुंचने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया और उस पर एक अमेरिकी नागरिक की हत्या की साजिश का आरोप लगाया गया। सजा का इंतजार करते हुए मैक पिछले दो साल शिकागो जेल में बंद थी। न्यायाधीश मैथ्यू केनेली ने 28 साल की मैक को 23 साल की सजा सुनाई।

### क्या था मामला

अमेरिका की रहने वाली 28 साल की हीदर मैक ने अपनी ही मां का अपने प्रेमी के साथ मिलकर कत्ल कर दिया और फिर बड़ी बेरहमी से उसकी लाश को एक सूटकेस में भर दिया। जांच में सामने आया था कि हत्या के वक्त मैक 18 साल की थी और गर्भवती थी। मैक ने अपने प्रेमी टॉमी शेफर के साथ मिलकर अपनी मां को 12.47 करोड़ रुपए के फंड के लिए मार दिया। पहले मैक ने अपनी मां का मुंह बंद किया फिर शेफर ने उनके सिर पर वार किया। होटल में मां का कत्ल करने के बाद मैक और उसके प्रेमी ने एक सूटकेस में लाश को भरकर उसे एक टैक्सी में छोड़ दिया। पुलिस को सूटकेस से लाश के अवशेष मिले।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl